श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 286, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 12 नवंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## हम गति को आकांक्षा और पैमाने को राष्ट्र की ताकत मानते हैं: मोदी

# डिजिटल इन्फ्राट्रक्चर पर हो रहा काम: मोदी






**बेंगलुरुः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां कहा कि भारत आज प्रशासन और भौतिक व डिजिटल इन्फ्राट्रक्चर के निर्माण एक अलग ही स्तर पर काम कर रहा है। पहले की सरकारें गति को विलासिता और बड़े पैमाने पर काम को जोखिम मानती थी। हमने इस मानसिकता को बिल्कुल बदल दिया है। हम गति को आकांक्षा और पैमाने को राष्ट्र की ताकत मानते हैं। प्रधानमंत्री ने दोपहर में बेंगलुरु में एक जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री दक्षिण भारत के 4 राज्यों कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के दो दिवसीय दौरे पर हैं। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले का भारत वर्तमान समृद्ध और तकनीकी रूप से उन्नत भारत से बिल्कुल अलग था। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम की सफलता में बेंगलुरु के प्रोफेशनल का बड़ा योगदान है। 5जी तकनीक और यूपीआई इसके उदाहरण है। भारत अपने स्टार्टअप के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है और भारत को स्टार्टअप हब के रूप में स्थापित करने में बेंगलुरु की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। हम बेंगलुरु सहित कर्नाटक के विकास और विरासत दोनों को सशक्त कर रहे हैं। आज कर्नाटक को पहली मेक इन इंडिया वंदे भारत ट्रेन मिली है। प्रधानमंत्री ने केसीआर रेलवे स्टेशन पर जाकर आज वंदे भारत एक्सप्रेस और भारत गौरव काशी दर्शन ट्रेन को हरी झंडी दिखाई और केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, वंदे भारत एक्सप्रेस इस बात का प्रतीक है कि भारत अब रुक रुक कर चलने वाले दिनों को पीछे छोड़ चुका है और तेजी से दौड़ना चाहता है और हर संभव प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एयरपोर्ट से हमारे सपनों शहरों का बिजनेस पोटेंशियल बढ़ रहा है और नौजवानों को नए अवसर मिल रहे हैं। उनकी सरकार ने एयरपोर्ट का निर्माण कर रही है। 2014 से पहले देश में 70 एयरपोर्ट से आप इनकी संख्या दोगुनी यानी 140 हो गई है। दोपहर में प्रधानमंत्री ने नादप्रभु केंपेगौड़ा की 108 फीट की कांस्य प्रतिमा का भी अनावरण किया। इससे पहले, आज सुबह बेंगलुरु में महार्षि वाल्मीकि और संत कवि कनकदास की प्रतिमाओं को पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि संत कनकदास ने हमारे समाज को मार्गदर्शन दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि नादप्रभु केंपेगौड़ा की विशाल प्रतिमा हमें भविष्य में बेंगलुरु भविष्य के भारत के लिए निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा देगी। साथ ही उन्होंने कहा कि पिछले 3 सालों में को फिर से प्रभावित होने के बावजूद कर्नाटक मंत चार लाख करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ है। कर्नाटक को मिलने वाला निवेश केवल आईटी सेक्टर से ही जुड़ा नहीं है बल्कि इसमें बायोटेक और रक्षा क्षेत्र भी शामिल है।

**केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 का उद्घाटन किया**

**बेंगलुरुः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दक्षिण भारत के दौरे पर हैं। शुक्रवार को पीएम मोदी बेंगलुरु पहुंचे।

उन्होंने केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 का उद्घाटन किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह टर्मिनल लगभग 5,000 करोड़ रुपए की लागत से बना है। इससे पहले मोदी ने बेंगलुरु रेलवे स्टेशन पर मैसूर-चेन्नई वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। ये देश की 5वीं और दक्षिण भारत की पहली वंदे भारत ट्रेन है। इसके अलावा मोदी ने भारत गौरव काशी दर्शन ट्रेन को भी रवाना किया।

## 'गांधी के विचारों में कई चुनौतियों का समाधान'

**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने शुक्रवार को कहा कि गांधीवादी मूल्य आज बहुत प्रासंगिक होते जा रहे हैं। चाहे संघर्षों को समाप्त करना हो या फिर जलवायु संकट हो, गांधीजी के विचारों में आज की कई चुनौतियों का समाधान है। प्रधानमंत्री ने आज राज्यपाल एन रवि और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की उपस्थिति में तमिलनाडु के डिंडीगुल में गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान के 36वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। दीक्षांत समारोह में 2018-19 और 2019-20 बैच के 2300 से अधिक छात्रों ने डिग्री प्राप्त की। प्रधानमंत्री ने इस दौरान छात्रों से कहा कि महात्मा गांधी चाहते थे कि गांव आत्मनिर्भर बनें और ग्रामीण विकास की हमारी दृष्टि गांधी से ही प्रेरणा लेती है झ्र ह्यआत्मा गांव की- सुविधा शहर कीह्न। शहरी और ग्रामीण जीवन शैली के बीच अंतर हो सकता है, लेकिन असमानता नहीं। आज देश इस विभाजन को खत्म करने के लिए काम कर रहा है। ग्रामीण सड़कों का विकास किया जा रहा है और विकास लोगों के घर-द्वार तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि सतत कृषि ग्रामीण क्षेत्रों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। प्राकृतिक खेती के लिए बहुत उत्साह है क्योंकि यह उर्वरक आयात पर देश की निर्भरता को कम करता है। यह मिट्टी और इंसानों के स्वास्थ्य दोनों के लिए भी अच्छा है। मोदी ने कहा कि खादी महात्मा के दिल के बहुत करीब रही और आज यह काफी लोकप्रिय हो गया है। पिछले 8 वर्षों में खादी की बिक्री में 300 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। केवीआईसी ने पिछले साल 1 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड कारोबार दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि साथ ही गांधी जी के लिए उचित स्वच्छता सुनिश्चित करना

## नेचुरल फार्मिंग की दिशा में हो कार्य: योगी



**वाराणसीः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार शाम रोहनिया शाहंशाहपुर गांव में स्थित गोबर्धन योजना स्थल पर कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट का निरीक्षण किया। प्लांट के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने इससे जीवामृत व पेंट बनाने पर बल दिया। प्लांट के अफसरों ने बताया कि यहां जैविक खाद बन रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने इसे नेचुरल फार्मिंग की दिशा में कार्य किए जाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने इसके लिए कृभको व गोरखपुर फर्टिलाइजर से वार्ता कर सुझाव लेने की बात कही। जिससे आसपास के किसानों को इसका भरपूर फायदा हो सके। जैविक खाद की पैकेजिंग आकर्षक तरीके से किए जाने की नसीहत देते हुए उन्होंने कहा कि इस पर विशेष फोकस रखा जाए। बताते चले शाहंशाहपुर गांव में कंप्रेस्ड बायो गैस का उत्पादन किया जा रहा है। शहंशाहपुर में लगभग सात एकड़ जमीन में बायो गैस प्लांट बनाया गया है। इसकी क्षमता प्रतिदिन 3150 किलो कंप्रेस्ड बायो गैस का उत्पादन करने की है। यह प्लांट गैस के साथ तरल और ठोस फर्टिलाइजर का भी उत्पादन करेगा। प्लांट के लिए गाय पालकों से गोबर खरीदने से उनकी आमदनी बढ़ेगी और रोजगार भी मिलेगा। कंप्रेस्ड बायो गैस पर्यावरण के लिए भी अच्छी होती है। इसके साथ ही कच्चे तेल और गैस आयात पर निर्भरता कम होगी। गोबर, प्रेस मड (चीनी फैक्ट्रियों से निकलने वाला वेस्ट पदार्थ) और नेपियर घास से कंप्रेस्ड बायो गैस का उत्पादन किया जा रहा है। प्रोजेक्ट के दूसरे चरण में इसके वेस्ट से जैविक खाद बनाया जा रहा है। प्लांट में ही किसानों के लिए ट्रेनिंग सेंटर भी है। यहां किसानों को ऑर्गेनिक खेती का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे वे अपनी आय बढ़ाने के साथ ही लोगों का स्वास्थ्य भी ठीक रखने में मददगार साबित होंगे।

खास बात यह है कि बायो गैस एलपीजी से काफी सस्ती है। रोजाना 500 से 600 किलो एलपीजी का इस्तेमाल करने वाली औद्योगिक इकाई को कंप्रेस्ड बायो गैस से चलाना बेहद सस्ता होगा। उद्यमी इसके इस्तेमाल से अपनी लागत में करीब 5 प्रतिशत की बचत कर सकते है।

## वर्कआउट करते हुए टीवी एक्टर की मौत

**मुंबईः** पॉपुलर टीवी एक्टर सिद्धांत वीर सूर्यवंशी का निधन हो गया है। 46 साल के सिद्धांत को शुक्रवार को मुंबई के जिम में वर्कआउट के दौरान हार्टअटैक आया था। सिद्धांत वर्कआउट करते हुए बेहोश हो गए थे। ट्रेनर और जिम में मौजूद लोगों ने उन्हें होश में लाने की कोशिश की, लेकिन जब उन्होंने रिस्पॉन्स नहीं किया तो तुरंत एंबुलेंस बुलाई गई थी। एंबुलेंस से सिद्धांत सूर्यवंशी को मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल ले जाया गया, जहां 1 घंटे के इलाज के बाद डॉक्टर्स ने उन्हें 12:31 पर मृत घोषित कर दिया।

## गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवाएं देना प्राथमिकता: धामी



**देहरादूनः** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि उत्तराखण्ड के दूरस्थ पर्वतीय इलाकों तक सभी लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से मिल सकें, इसके लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। शुक्रवार को दून चिकित्सालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने ओटी और इमरजेंसी के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण कर अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल भी जाना। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ह्यआशा संगिनीह्न पोर्टल का भी शुभारंभ किया व आशा कार्यकत्रियों की हस्तपुस्तिका का विमोचन भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हमारी सरकार वर्ष 2025 तक सभी क्षेत्रों में अग्रणी राज्य बनाने के साथ ही स्वास्थ्य क्षेत्र में भी उत्तराखण्ड को देश का प्रथम राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी का बेहतर तरीके से इस्तेमाल हो इस पर प्रधानमंत्री ने विशेष जोर दिया। इसके परिणामस्वरूप ज्ञान, विज्ञान के क्षेत्र में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने जनपदों की आशा कार्यकत्रियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से वार्ता भी की। उन्होंने कहा कि आशा संगिनी के माध्यम से राज्य की समस्त 12018 आशा कार्यकत्री प्रोत्साहित होंगी। राज्य की आशा कार्यकत्रियों को प्रति माह उनके ओर से किये गये कार्यों के सापेक्ष निर्धारित देय प्रोत्साहन धनराशि का भुगतान आशा संगिनी के माध्यम से ऑनलाइन सीधे उनके बैंक खाते में विकासखण्ड स्तर से सत्यापन पश्चात जनपद स्तर से किया जाएगा।

## राजीव हत्याकांड: सभी दोषी जेल से रिहा



**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे नलिनी और आरपी रविचंद्रन सहित छह दोषियों को रिहा करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने 30 साल से अधिक समय से जेल में बंद होने को आधार बताते हुए यह आदेश दिया है। इससे पहले कोर्ट ने इस मामले के दोषी पेरारिवलन को भी इसी आधार पर रिहा किया था। तमिलनाडु सरकार ने 13 अक्टूबर को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के दोषी नलिनी और पी रविचंद्रन की रिहाई का समर्थन किया था। तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में ये बातें कही थीं। 26 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने नलिनी और पी रविचंद्रन की रिहाई की मांग पर केंद्र और तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी किया था। दोनों 30 साल से ज्यादा वक्त से जेल में गुजारने के बाद स्वास्थ्य के आधार पर फिलहाल पैरोल पर हैं।

## ज्ञानवापी: कथित शिवलिंग का संरक्षण जारी रहेगा



**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट मस्जिद में सर्वे के दौरान मिली शिवलिंग जैसी संरचना के संरक्षण की सीमा बढ़ाने पर सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने आदेश में कहा कि संरक्षण जारी रहेगा। कोर्ट ने सभी पक्षों से तीन हफ्तों में हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा है। ज्ञानवापी पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के अलावा इलाहाबाद हाईकोर्ट में ज्ञानवापी का अरकसे सर्वे कराने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई है। इधर, वाराणसी की जिला अदालत में कथित शिवलिंग की पूजा के अधिकार और मस्जिद में सर्वे की कार्यवाही पर भी सुनवाई हुई। कोर्ट अब 5 दिसंबर को मामले की अगली सुनवाई करेगा। ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने में मिले कथित शिवलिंग को सुप्रीम कोर्ट ने 12 नवंबर तक संरक्षित करने का आदेश दिया था। ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने में 16 मई को कोर्ट कमीशन के सर्वे के दौरान एक संरचना मिली थी। हिंदू पक्ष ने इसे शिवलिंग तो मुस्लिम पक्ष ने फव्वारा बताया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस संरचना को संरक्षित करने का आदेश जारी किया था। यह आदेश 12 नवंबर तक के लिए था। हिंदू पक्ष ने 12 नवंबर से पहले इसके संरक्षण की समय सीमा बढ़ाने के लिए याचिका दाखिल की थी। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन की याचिका पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने बेंच बनाकर इस मामले की सुनवाई करने का आदेश दिया था।

इंतजामिया मसाजिद कमेटी और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने एएसआई से ज्ञानवापी का सर्वे कराने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में ज्ञानवापी परिसर का सर्वेक्षण आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया यानी अरकसे कराने के फैसले के खिलाफ सुनवाई होगी। इंतजामिया मसाजिद कमेटी और उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने निचली अदालत के एएसआई से सर्वे कराने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

## एमपी में हिंदी में इंजीनियरिंग की पढ़ाई 'फ्लॉप'




**भोपालः** मध्यप्रदेश में सरकार ने एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में शुरू करने का ऐलान कर दिया है। इससे पहले हिंदी में इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू की गई थी, लेकिन इस प्रोजेक्ट का हश्र बहुत बुरा हुआ है। मात्र 3 कॉलेजों में बीटेक और कम्प्यूटर साइंस की पढ़ाई हिंदी में शुरू हो पाई है। इसमें सिर्फ 20 छात्रों ने एडमिशन लिया है, जबकि सीटें 200 से ज्यादा हैं। मतलब यह है कि सरकार ने जितनी सीटें रिजर्व रखी थीं, उसकी 90% सीटें खाली रह गई हैं। यहां तक कि टीचर तक टेक्निकल सब्जेक्ट को लोकल तरीके से पढ़ाने को लेकर तनाव में हैं। मध्यप्रदेश में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की मंजूरी के बाद पिछले साल (2021-22) में इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी में शुरू हुई थी। उस साल 10 से कम छात्रों ने हिंदी में पढ़ाई का ऑप्शन चुना था।

**3 इंस्टीट्यूट में ही हिंदी का ऑप्शनः** राज्य सरकार ने 6 जून 2022 को प्रदेश के 6 इंजीनियरिंग कॉलेजों की अलग-अलग ब्रांच में हिंदी में पढ़ाने का आदेश भी जारी किया था। इनमें एडमिशन के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग के ऑनलाइन काउंसिलिंग के दौरान सिर्फ 3 इंस्टीट्यूट की ब्रांच में ही हिंदी (इंडियन/रीजनल लैंग्वेज) में पढ़ाई कराने का ऑप्शन दिया गया है। 20 में से 19 छात्रों ने कम्प्यूटर साइंस व एक छात्र ने बायो मेडिकल इंजीनियरिंग सब्जेक्ट में हिंदी में पढ़ाई के लिए चुना है। बायो मेडिकल वाले छात्र अमन वर्मा ने भी हिंदी से हाथ जोड़ लिए और उसने अंग्रेजी माध्यम से लिए आवेदन कर दिया है। अमन का कहना है कि उसके समझ में कुछ नहीं आ रहा है। अंग्रेजी के सामान्य शब्दों को बेहद कठिन हिंदी में दिया गया है। इसे लेकर मुझे अपने भविष्य की चिंता सता रही है कि आगे मुझे इस डिग्री के साथ जॉब मिलेगा या नहीं।

## डेरा प्रेमी को मारी गई थीं 60 गोलियां, तीन अरेस्ट



**चंडीगढ़ः** पंजाब के फरीदकोट में डेरा प्रेमी प्रदीप सिंह की 10 नवंबर को हुई हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस ने 3 शूटर्स को गिरफ्तार किया है। इन शूटर्स ने डेरा प्रेमी पर 60 गोलियां चलाई थीं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इसके पीछे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का दिमाग है। आईएसआई ने रिंदा के जरिए डेरा प्रेमी की हत्या कराई थी। वहीं, हत्या की जिम्मेदारी गोल्डी बराड़ ने ली थी। कुछ दिन पहले ही रिंदा और गोल्डी बराड़ ने हाथ मिलाया था। दिल्ली पुलिस ने सभी बदमाशों को मुठभेड़ के बाद पटियाला के बख्शीवाला गांव से पकड़ा है। इनमें दो शूटर रोहतक और एक भिवानी का रहने वाला है। सूत्रों के मुताबिक, पकड़े गए शूटर्स में दो नाबालिग हैं, जबकि एक की पहचान जतिंदर जीतू के रूप में हुई है।

**पंजाब-हरियाणा के 2 मॉड्यूल थेः** डेरा प्रेमी की हत्या में हरियाणा और पंजाब मॉडयूल यूज किए गए।

# ग्राम प्रधान लीडर का ओचक निरीक्षण,विद्यालय में अध्यापक नदारद

## ग्राम सभा में मार्गों की स्थिति और साफ सफाई का लिया जायेजा,अधिनस्थों को दिए उचित निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**कोराव।** प्रयागराज। 11 नवंबर को ग्राम प्रधान अल्हवा एवं अखिल भारतीय प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश प्रयागराज मंडल प्रयागराज सोशल एक्टिविस्ट अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने प्राथमिक विद्यालय अल्हवा और ग्राम सभा का जायजा लिया।

प्राथमिक विद्यालय अल्हवा में पठन पाठन की स्थित दयनीय दिखी। मात्र एक शिक्षा मित्र टीचर के सहारे पूरे कक्षा एक से ले कर पांच तक के विद्यार्थियों का संभालने का दायित्व है। उक्त विद्यालय में तैनात अध्यापक गण सदैव छुट्टी पर रहते हैं। कहीं तबियत खराबी का बहाना तो कभी मीटिंग का बहाना तो कभी जिले में कोरोना ड्यूटी तो कहीं आकस्मिक अवकाश दिखा दिखा कर बच्चों का भविष्य खराब किया जा रहा है। जबकि अन्य विद्यालयों में ज्यादा टीचर्स हैं वहां कम कर के और भी अध्यापक तैनात किया जा सकता है। किंतु प्रधान के कहने पर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। सेटिंग सिस्टम से अध्यापकों की अनुपस्थिति से विद्यालय का भविष्य चौपट हो रहा है। किंतु हर माह उक्त अध्यापक कैसे पूरे माह का वेतन ले लेते हैं यह जांच का विषय है। प्रधान द्वारा जिलाधिकारी प्रयागराज को वस्तु स्थित से अवगत किया जा रहा है।

इसी प्रकार ग्राम प्रधान ने कोलान बस्ती में जिला पंचायत अध्यक्ष की मेहरबानी से बनने वाली 153 मीटर सीसी रोड का नाप कर कर जायजा लिया और ग्राम वासियों से मार्ग के किनारे किनारे पटरियों से अवैध कब्जे हटाने का निर्देश दिया। साथ ही साफ सफाई में ग्राम पंचायत प्रसासन का सहयोग करने का आह्वान किया। आंगन बाणी केंद्र का भी जायजा लिया और समय से केंद्र पर आने और अपने दायित्वों का निर्वहन का निर्देश दिया। बच्चों की पढ़ाई लिखाई का जायजा अपने अधिनस्थों रोजगार सेवक आदि के साथ लिया। प्रधान ने ग्राम सभा में बन रही 1021 मीटर लंबी और एक मीटर ऊंची तथा चौड़ाई बाइस से चौबीस फिट का निरीक्षण किया और अवशेष निर्माण कार्य को तीव्र गति से चालू कराकर पूर्ण कराने का आदेश रोजगार सेवक और मेठ को दिया। साथ ही सड़क की पटरियां खाली कराने एवम नष्ट न करने का लोगों से आग्रह किया।।प्रधान ने आदिवासी बस्ती आदि में जा कर लोगों की समस्याएं देखी और सुनीं तथा समाधान का निर्देश संबंधित को दिया।

आवंटन प्रक्रिया के तहत कुछ भूखंडों का भी जायेजा लिया जिससे गरीबों को पट्टे किए जा सकें। ग्राम वासियों से अपील किया कि सचिवालय भवन पर जन्म मृत्यु की सूचना जरूर दें दिया करें जिससे जन्म मृत्यु रजिस्टर पर दर्ज किया जा सके और जरूरत पर नकल मिल सके। उन्होंने कहा की गांव के विवाद गांवों में ही हल हों इस लिए एक पंचायत अदालत का एक रजिस्टर बनाया गया है। भवन पर दोनो पक्षों के विवाद पंचायत प्रतिनिधि बैठ कर सुलह समझौते कराए जायेंगे और उनके फैंसलों समझौतों की भी नकल सत्य प्रतिलिपि प्रमाणित मिल सके। पुलिस कचहरी के चक्कर से लोग बचें।



निरीक्षण करते ग्राम प्रधान लीडर अहद अहमद सिद्दीकी।



इस संबंध में समुचित कार्यवाही की जा रही है। प्रयास करूंगा कि अगल बगल के किसी टीचर्स को अस्थाई तौर पर अध्यापक अल्हवा में लगा दिया जाए।

**रिजवान अहमद खां**

**ए बी एस ए कोराव प्रयागराज**


# मौलाना आजाद के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता-सिद्दीकी

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव/प्रयागराज।** प्राथमिक विद्यालय अल्हवा में देश के प्रथम शिक्षा मंत्री एवं भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन सेनानी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के परम शिष्यों में से एक रहे प्रसिद्ध शिक्षाविद मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जन्स वाले राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया।

ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी ने अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मौलाना आजाद के व्यक्तित्व पर एक ऐसे मुस्लिम विद्वान थे जो कवि, लेखक, पत्रकार और भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे जंगे आजादी के बाद वे एक महत्त्वपूर्ण राजनीतिक पद पर रहे अपना पूरा जीवन महात्मा गांधी के सिद्धांतो का समर्थन रहे खिलाफत आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता।

गांधी जी के हिन्दू मुस्लिम एकता पर उन्होंने हमेशा बल दिया और अंग्रेजो के फुट डालो राज करो और मुस्लिम लीग का खुला विरोध सदैव करते रहे। 1923 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सबसे कम उम्र के अध्यक्ष बनने और सबसे ज्यादा बार अध्यक्ष लगातार बनने का रिकार्ड भी उन्हीं के नाम रहा है। आगे चलकर आजादी के बाद वे भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के रामपुर जिले से 1952 में सांसद चुने गए और वे भारत के पहले शिक्षा मंत्री बने और अपना महत्वपूर्ण योगदान देश को दिया। शिक्षामित्र रामबहादुर कोल ने संचालन करते हुए प्रधान जी एवं आये हुए गांव के समस्त नागरिकों और छात्रों का आभार प्रकट किया जबकि प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक शिकसा दिवस पर छुट्टी लगाकर नदारद रहें।



मौलाना अबुल कलाम आजाद।



# यातायात जागरूकता बचा सकती है जान-शैलेश पांडेय वरिष्ठ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** पुलिस की ओर से चलाए जा रहे यातायात माह के तहत बेथनी कॉन्वेंट स्कूल नैनी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। सुरक्षित यातायात के लिए उन्हें भी अपनी बात रखने का अवसर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज श्री शैलेश कुमार पांडेय ने कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने में स्कूली बच्चों की भूमिका अहम है। उन्होंने बच्चों से जिम्मेदार बनने और समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने का भी आह्वान किया।क्षेत्रधिकारी करछना ने कहा कि सभी को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग होना चाहिए। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होने का मतलब है कि आप अपनी जीवन की सुरक्षा के प्रति सजग है।

यातायात निरीक्षक पवन पांडेय ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर सड़क हादसों पर अंकुश लगाया जा सकता है दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, ट्रिपल राइडिग न करने, निर्धारित गति में वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। बिना लाइसेंस के गाड़ी न चलाए और न ही चलाने दें। रौनक गुप्ता डिविजनल वार्डन सिविल डिफेंस तथा प्रोजेक्ट डायरेक्टर सारथी फाउंडेशन ने कहां बाइक चलाते समय हमेशा हेलमेट व कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। नशे में किसी को वाहन न चलाने दें। कार्यक्रम समन्वयक अभिषेक तिवारी ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर खुद सुरक्षित रहने के साथ ही दूसरों को भी सुरक्षित रखा जा सकता है। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज श्री शैलेश पाण्डेय एवं सभी अतिथियों ने इस वर्ष से प्रारम्भ होने वाले नर्सरी प्रवेश फार्म की पुस्तिका का विमोचन किया।इस मौके पर प्रधानाचार्य सिस्टर शमिता ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया और धन्यवाद प्रस्ताव दिया प्रभारी निरीक्षक नैनी बृजेश सिंह ,वाइस प्रिंसिपल सिस्टर बीना जॉन बहन जीना स्पोर्ट्स टीचर मोहम्मद साबिर दीपक कुमार आदि के अलावा सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# स्कूल की तरह सड़क पर भी अनुशासन जरूरीः थानाध्यक्ष

## एसओ मनोज कुमार सिंह ने राजा कमलाकर इंटर कालेज में छात्र-छात्राओं को दी ट्रैफिक रूल्स की जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** जिंदगी में अनुशासन का बहुत बड़ा महत्व है। जिस प्रकार हम स्कूल में पूरी तरह से अनुशासित रहते हैं। समय से स्कूल आते हैं और समय पर घर वापस लौटते हैं। समय-समय पर अपने सभी कार्य करते हैं। ठीक उसी प्रकार का अनुशासन सड़क पर भी दिखना चाहिए। सड़क पर अनुशासन का मतलब यातायात नियमों के पालन से है, यह बातें शंकरगढ़ थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कही।

क्षेत्र के राजा कमलाकर इंटर कालेज में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में बच्चों से मुखातिब एसओ ने कहा कि अनुशासन ही हम सभी को लक्ष्य की तरफ ले जाता है। यदि हम घर से बाहर निकलते हैं तो हमारा लक्ष्य स्कूल जाना होता है। ठीक उसी प्रकार यदि हम सड़क पर चलते हैं तो हमारा लक्ष्य खुद को सुरक्षित रखना और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान देना होना चाहिए। उन्होंने कालेज के सभी बच्चों से कहा कि वह वह मोबाइल और ईयरफोन का प्रयोग करते समय न तो सड़क पर चलें और न ही रेलवे ट्रैक के आसपास। इसके अलावा दुपिहया चलाते समय हमेशा हेलमेट पहने और दूसरों को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें।एसओ ने बच्चों को जागरुक करते हुए कहा कि वह लोग अपने घर व आसपास के लोगों को भी हेलमेट पहनने, सीटबेल्ट लगाने और ट्रैफिक के नियमों का पालन करने के लिये प्रेरित करें। इस दौरान एसओ ने ट्रैफिक के तमाम नियमों की भी जानकारी बच्चों को दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह, ओपी धारिया, रामबोध खरवार समेत तमाम शिक्षकगण भी मौजूद रहे।



# बीएनटी कॉलेज में मेजा पुलिस ने छात्रों को किया जागरूक

**मेजा रोड।** यातायात माह के तहत शुक्रवार को मेजारोड स्थित बद्रीनाथ तिवारी इंटर कॉलेज में मेजा पुलिस की तरफ से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों दुपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करने चार पहिया चलाते समय सीट बेल्ट बांधने,तेज रफ्तार से वाहन न चलाने व वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने और यातायात नियमों की अनदेखी करने मिलने वाले दंड व जुमार्ना के बारे में भी बताया गया।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी विमल किशोर मिश्रा,थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर मिश्रा,चौकी प्रभारी राम भवन वर्मा, तथा विद्यालय की शिक्षक सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# संविधान की देन है सहकारिता व्यवस्थाः न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** इफको की फूलपुर इकाई में सतर्कता जागरूकता अभियान का समापन समारोह सामुदायिक केन्द्र में गुरुवार को सम्पन्न हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र ने कहा कि एक आदर्श समाज की स्थापना के लिए हमारे संविधान के प्रस्तावना में न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व की परिकल्पना की गई है। उन्होंने कहा कि इफको किसानों के हित में कार्य करने वाली संस्था है एवं देश में सहकारिता व्यवस्था संविधान की देन है। कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह हम प्रति वर्ष सरदार वल्लभभाई पटेल के गुणों,उनके आदर्शों एवं उनके बताए हुए रास्ते पर आगे चलने के लिए मनाते है। हमें सतर्कता जागरूकता का प्रतिदिन अनुकरण करना चाहिए। मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार मिश्र ने कहा कि इफको वह संस्था है जिसने स्वैच्छिक सतर्कता स्वीकारा है। उन्होंने कहा कि हमारी कार्यप्रणाली पारदर्शी एवं भ्रटाचार मुक्त रही है तथा हमारा विभाग इस दिशा में लगातार सकारात्मक कार्य कर रहा है। विजेता बच्चों, आश्रित एवं कर्मचारियों को पुस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन एस.के.सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन सतर्कता जागरूकता अभियान के अध्यक्ष एम.डी.मिश्र ने किया। इसके पूर्वाह्न में संविदाकार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें इकाई प्रमुख कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने संविदकारों को संबोधित करते हुए कहा कि यह जरूरी है संविदाकारों की समस्याओं, उनके सुझाव एवं लाल फीताशाही को कैसे खत्म करें इसलिए यही संगोष्ठी आयोजित की गई है। मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार मिश्र ने कहा कि कम्पनी के किसी भी कार्य को निष्पादित करने में संविदाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, सतर्कता विभाग कार्य में पारदर्शिता, भ्रटाचार उन्मूलन, समस्या जिनका निराकरण नियम के तरह किया जा सकता है सम्पूर्ण वर्ष इस विषय पर कार्य करता है। संविदाकार गोष्ठी में संविदाकारों की समस्याओं को सुना गया एवं उसका निराकरण किया गया। कार्यक्रम में पी.के.सिंह, पी.के.पटेल, पंकज पाण्डेय, विनय यादव, स्वयं प्रकाश, शम्भू शेखर, आर.के.गुप्ता, उमेश शुक्ला, हेमलता सिजोरिया, रीक्रिएशन क्लब के सचिव डी.के.शुक्ला मौजूद रहे।





इफको में आयोजित प्रतियोगिता के विजई प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते न्यायमूर्ति

# घर के दरवाजे पर खड़ी बाइक उड़ा ले गए चोर

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** इलाके में बाइक चोर गैंग एक बार फिर से सक्रिय हो गए हैं। पुलिस के लिए चुनौती बन गई है। शुक्रवार की भोर बादलगंज हाईवे के एक घर के दरवाजे पर खड़ी बाइक चोरों ने उड़ा दिया।

घूरपुर क्षेत्र के बादलगंज गांव निवासी श्री कुमार पुत्र स्व. मोहन एक कांवेंट स्कूल के प्रधानाचार्य है। गांव के हाईवे पर इनका घर है। गुरूवार रात दरवाजे पर पल्सर बाइक खड़ी कर घर में सो गए थे। सुबह उठ बाइक गायब देख खलबली मच गई। घर पर लगी सीसीटीवी फुटेज देखी तो शुक्रवार की भोर तीन बजे दो युवक जिसमे एक हेलमेट से सिर ढका था तो दूसरा रूमाल से चेहरा ढका था। दोनो युवक बाइक लेकर फरार हो गए।पिछले माह में चार बाइक तो इस माह की ये दूसरी बाइक की चोरी की घटना है। लगातार बाइक चोरी होने की घटना से लोगो में दहशत है।

# मच्छरों से लोग परेशान दवा छिड़काव की मांग

## ग्रामीण अंचलों पर भारी पड़ रहे मच्छरों का कहर

**अखंड भारत संदेश**

**जारी/प्रयागराज।** विकासखंड जसरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम सभा के मजरे में चहूं और मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। दिन हो चाहे रात चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है। आपको बता दें कि जारी ग्रामसभा बड़ी आबादी वाला क्षेत्र है। जहां तीन ग्राम पंचायतों के प्रधानों के द्वारा फागिंग की व्यवस्थाएं नहीं की गई है। जारी ग्राम प्रधान रेनू जायसवाल का कहना है कि शासन प्रशासन द्वारा दवा का छिड़काव लारवा की व्यवस्थाएं नहीं हो रही हैं जिससे उदासीनता बनी हुई है। तो वहीं गडैय़ा कला, खुर्द में भी यही हाल है। आपको बता दें कि क्षेत्र के ग्राम सभा में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को लेकर ग्रामीणों ने पंचायत के सभी गांवों में स्वास्थ्य विभाग से दवा छिड़काव कराने की मांग की है। गांव के सभी मजरे के लोगों का कहना है, कि मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण लोगों को डेंगू मलेरिया फीवर जैसे गंभीर बीमारी होने का डर सताने लगा है। इस बार मच्छरों का प्रकोप काफी संख्या में पनप रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बहुत दिनों से गांवों में न डीडीटी छिड़काव किया गया है, और न ही फॉगिंग मशीन से दवा छिड़काव हुआ है। प्रशासन से जल्द दवा छिड़काव कराए। लोगों ने कहा कि दवा का छिड़काव नहीं हुआ तो ग्रामीण भयानक बीमारियों की चपेट में आ जाएंगे।

# नौनिहाल बच्चों व राहगिरों के लिए अंडर पास पुलिया बना परेशानी का सबब

**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र के कोहड़ार में एनटीपीसी बनने से जहां क्षेत्र में बिजली की समस्या लगभग अभी खत्म नहीं हुआ है ।वहीं दूसरी तरफ के इसके संचालन के लिए कोयला ले जाने के लिए रेलवे लाइन से जनता को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह रेलवे लाइन सड़क मार्ग को पार कर रही है। वहां पर अंडरपास बनाया गया है ।और अंडर पास भी ऐसे ऐसे की आय दिन लोग दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं। देखा जाए तो जनता ही इन्हीं अंडरपास पुल में ही सिमट के रह गई है। और हादसों का शिकार हो रही है ।ऐसा ही अंडरपास पुल अमिलिया कलां के डेरा पसियान बस्ती के पास भी बना है। जो घुघा,शिवपुरा और कई गांव से होते हुए सोनार तारा जाने का प्रमुख मार्ग है। उसमें कीचड़ हो जाने से स्कूल जाने वाले नौनिहालों सहित राहगीरों का चलना दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी इस समस्या से अवगत कराया गया।

# अब्बास अंसारी की कस्टडी रिमांड 18 नवंबर तक बढ़ी ईडी की अर्जी पर कोर्ट ने दिया आदेश

**प्रयागराज।** अपर जिला जज अनिरुद्ध प्रसाद तिवारी ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में मुख्तार अंसारी के पुत्र विधायक अब्बास अंसारी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कस्टडी रिमांड में रखने की अवधि को छह दिनों के लिए बढ़ा दिया है। अदालत ने कहा कि आरोपित को 18 नवंबर की दोपहर दो बजे तक कस्टडी में पूछताछ के लिए सौंपा जाता है। इसके पहले जिला अदालत ने 12 नवंबर तक ईडी की हिरासत में रखने का आदेश दिया था। शनिवार को यह अवधि समाप्त हो रही थी। लेकिन, शनिवार को अवकाश होने की वजह से ईडी ने एक दिन पहले ही अर्जी दाखिल कर कस्टडी रिमांड बढ़ाए जाने की मांग की। ईडी ने अपनी अर्जी में अभी और पूछताछ किए जाने की जरूरत बताई। इसे स्वीकार करते हुए अदालत ने कस्टडी रिमांड की अवधि को बढ़ाकर 18 नवंबर तक कर दिया। ईडी की ओर से अधिवक्ता ओम प्रकाश मिश्रा ने पक्ष रखा। सरकारी अधिवक्ता गुलाब चंद्र अग्रहरि की ओर से इसका विरोध नहीं किया गया। हालांकि, अदालत ने कस्टडी रिमांड पर रखने के लिए कई शर्तें भी लगाई हैं।

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत अपूर्ण आवेदनों को सुधारने का अंतिम मौका

**करछना।**प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन विभाग द्वारा मांगे गए थे। जिसमें मत्स्य विभाग के तहसील प्रभारियों द्वारा सत्यापन कार्य किया जा रहा है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रयागराज इरफान उल्लाह खान ने बताया कि ऑनलाइन किए गए आवेदकों द्वारा अपूर्ण आवेदनों के अभिलेखों को सुधारने हेतु विभाग द्वारा आवेदक को मत्स्य पालकों को पुनः 3 दिन के अंदर अपूर्ण अभिलेखों को सुधारने का अवसर प्रदान करने का अंतिम मौका दिया जा रहा है कि 3 दिन के अंदर अपूर्ण अभिलेखों को आवेदक अपने आवेदन के आईडी पासवर्ड से लॉगिन कर अपूर्ण अभिलेख पोर्टल पर अपलोड कर दें जिससे आवेदकों का सही चयन विभाग द्वारा किया जा सके जिससे चयन करना संभव हो सके।

# एस एस पी के आदेश पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** वेल्डिंग मशीन का मिस्त्री जब सामान बदलाने दुकान पर गया तो उसे मार पीट कर पेड में बांध कर 850 रुपया लूट लिया गया। भुक्तभोगी की कोई सुनवाई न होने पर वह एस एस पी के यहां फरियाद लगाई। एस एस पी आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महमदपुर सराय अली निवासी आलोक कुमार विश्वकर्मा पुत्र लल्लू का कहना है कि वह गदियानी चौराहे पर महेंद्र कुमार विश्वकर्मा के यहां वेल्डिंग का काम करता है। वह दुकान से दूर एक दुकानदार के यहां सामान बदलवाने गया था। बताते हैं कि सामान न बदलने पर उससे दुकानदार से बहस हो गई। जिसपर उसे मार पीट कर एक पेड में बांध कर जेब में रखा 850 रुपए लूट लिए। वह किसी तरह छुडा कर थाने आया परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई ।जिसपर आलोक कुमार विश्वकर्मा ने एस एसपी के यहां न्याय की गुहार लगाई। मऊआइमा पुलिस ने एस एस पी के आदेश पर ग्राम गदियानी निवासी कृपाशंकर पटेल ,विवेक कुमार ,अंकेश कुमार के खिलाफ लूट मार पीट जान से मारने की धमकी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पत्रकार की चाची के निधन पर पत्रकारों ने किया शोक संवेदना

**अखंड भारत संदेश**



**सिरसा/प्रयागराज।** मेजा क्षेत्र विकास खंड उरुवा अन्तर्गत ग्राम सभा सोरांव गांव निवासी पत्रकार राजेश गौड़ की चाची का गीता देवी पत्नी हरिशंकर (गब्बर) का हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो जिसे लेकर पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई।सबके बीच नहीं रही हम सबके बीच में न रहने से हमारे परिवार में बहुत कमी महसूस हो रही है। शुक्रवार को पत्रकारों ने मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार, शशिकांत तिवारी ,राजेश कुमार शुक्ला ,सुशील पांडे,नीरज मिश्रा ,रवि गुप्ता, श्री कृष्ण,लल्ला सिंह, जयप्रकाश द्विवेदी , प्रेमानंद मिश्र, विनोद विश्वकर्मा, संदीप मिश्रा, राम कैलाश विश्वकर्मा, संजय शुक्ला, राजेश विश्वकर्मा, राहुल पांडेय, दीपक शुक्ला, रामलाल बिंद ,राहुल यादव, अभिषेक मिश्रा, योगेश गुप्ता,सतीश गुप्ता ,दुर्गा प्रसाद गुप्ता ,श्रीकांत यादव , अतुल तिवारी , सतीश विश्वकर्मा, अखिलेश यादव ,शैलेश कुशवाहा, बुद्धसेन वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खबरी का हुआ भव्य स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** नगर में प्रथम आगमन पर शुक्रवार को अंदावा सहसो मार्ग पर ईसीपुर में कांग्रेसियों ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खबरी भव्य स्वागत किया। कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष को माला फूल पहना कर जोरदार स्वागत करते हुए राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के जिंदाबाद के नारे लगाये। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बृजलाल खबरी ने कहा आने वाले समय में केंद्र व प्रदेश का नेतृत्व कांग्रेस के हाथ में होगा केंद्र में कांग्रेस पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रही है बृजलाल खबरी ने प्रियंका गांधी को आश्वासित किया कि देश के दलितों को कांग्रेश के साथ आने का पूर्ण रूप से प्रयास करेंगे। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव जीशान अहमद, सुनील कुमार यादव, सिद्धनाथ मौर्या, राम बहादुर वर्मा, आबिद अहमद, नदीम अंसारी, मोनू वर्मा, राजू यादव, रामबाबा, मूरत भारतीया, अफसर अंसारी, सूरज पासी, रमेश कनौजिया, कार्तिक कुशवाहा, मो. साजिद आदि मौजूद रहे।

# लोक निर्माण विभाग के द्वारा कराए जा रहे अतिथि गृह व एडीएम सिटी कार्यालय में मरम्मतीकरण का डीएम ने किया निरीक्षण

## निर्माण कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किये जाने का दिया निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के द्वारा ड्रमण्ड रोड(सिविल लाइन) में कराये जा रहे अतिथि गृह के निर्माण कार्य तथा एडीएम सिटी कार्यालय में कराये जा रहे।

मरम्मतीकरण के कार्य का निरीक्षण किया। अतिथि गृह के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां पर टॉयलेट एवं बिजली की फिनिशिंग ठीक न मिलने पर नाराजगी जताते हुए सुधार करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सम्बंधित अभियंता से टॉयलेट सहित अन्य कक्षों में लगायी गयी सामाग्री की जानकारी लेते हुए कहा कि गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने सामाग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान



अतिथि गृह का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

दिए जाने के निर्देश दिए है साथ ही जिलाधिकारी ने अतिथि गृह की साज-सज्जा कराये जाने के लिए वहां पर पेड़-पौधों सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## लेवदी गांव में मिला अजगर, ग्रामीणों में दहशत

**बारा।** बारा तहसील क्षेत्र के लेवदी गांव में अजगर मिलने से गांव में खलबली मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय पुलिस पहुंच वन कर्मियो को सूचना दी।लेवदी गांव में शुक्रवार की सांयकाल गांव में बस्ती के समीप धान की खेत में ग्रामीण धान काट रहे थे कि खेत में अचानक अजगर देख लोगो में खलबली मच गई। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस वन विभाग को सूचना दी। वन कर्मी मनीष सिंह पहुंच करअजगर को पकड़ कर जंगल में छोड़ने के लिए साथ में ले गए तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# बारा पुलिस ने इंटर कालेज के छात्रों व अभिभावकों को पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

अखंड भारत संदेश

**बारा।** क्षेत्र के बारा थाने के सह-इंस्पेक्टर राजेश कुमार सचान ने लोहगरा के श्री रणजीत पंडित इंटरमीडिएट कालेज के छात्रों व उनके अभिभावकों को भी यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी।

यातायात माह को लेकर कोतवाल बारा अनिल कुमार वर्मा के निर्देशन पर सह-इंस्पेक्टर राजेश कुमार सचान, उपनिरीक्षक सतीश साहू, उपनिरीक्षक रामाश्रय व उनके हमराहियों ने लोहगरा इंटर कालेज पहुंचकर छात्र-छात्राओं को 'सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा' का पाठ पढ़ाया और यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।बारा थाने के सह-इंस्पेक्टर राजेश कुमार सचान ने



छात्रओ को यातायात की जानकारी देते पुलिस अधिकारिगण।

बताया कि आप सभी की अब नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि अपने अलावा अन्य लोगों को भी यातायात नियमों का पालन करने की प्रेरणा दें,हेलमेट पहनकर चलें,चारपहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट जरूर बांधें। नियमों का पालन करें। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों के अलावा शिक्षकगण भी मौजूद रहे।


**आवश्यकता है**

एस.आर. सिंह. आर.बी. सिंह महाविद्यालय मोतिहॉ, हण्डिया प्रयागराज

**बी0एड0 संकाय सहायक आचार्य हेतु**

(1) शिक्षा के परिपेक्ष्य- 03 पद

(2) शिक्षण विषय- गणित-01 पद, विज्ञान-01 पद, भाषा-01 पद

(3) स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा - 01 पद

(4) ललित कला - 01 पद

(5) निष्पादन कला (संगीत, नृत्य, रंगमंच)- 01 पद

**परास्नातक स्तर कला संकाय एम0ए0 पाठ्यक्रम हेतु**- हिन्दी - 01 पद

**परास्नातक स्तर कला संकाय एम0ए0 पाठ्यक्रम हेतु**-समाज शास्त्र - 01 पद

**परास्नातक कला संकाय एम0ए0 पाठ्यक्रम हेतु**- प्रा0 भा0 इतिहास-01 पद

स्नातक स्तर कला संकाय बी0ए0 हिन्दी साहित्य-01 पद

स्नातक स्तर कला संकाय बी0ए0 गृह विज्ञान-01 पद

स्नातक स्तर कला संकाय बी0ए0 समाज शास्त्र-01 पद

स्नातक स्तर कला संकाय बी0ए0 शिक्षा शास्त्र-01 पद

**स्नातक स्तर- विज्ञान संकाय बी0एस0सी जन्तु विज्ञान - 01 पद**

**स्नातक स्तर- वाणिज्य संकाय बी0काम - 01 पद**

योग्यता एवं वेतनमान एन0सी0टी0ई/ राज्य सरकार/ विश्वविद्यालय के मानकानुसार। आवेदन की अंतिम तिथि विज्ञापन के 15 दिन के अन्दर।

प्रबंधक
राम बहादुर सिंह
मो0 : 8853264243


# आवासीय पट्टे के लिए ग्राम प्रधान पर महिलाओं ने लगाए गंभीर आरोप

अखंड भारत संदेश

**बारा।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दर्जनों की संख्या में महिलाओं ने तहसील मुख्यालय बारा में हंगामा किया। हंगामा कर रही महिलाओं ने उपजिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि ग्राम प्रधान अकौरिया ने हम लोगों के परिजनों से आवासीय पट्टा देने के लिए पैसे ले लिए हैं लेकिन आज तक पट्टा नहीं दिया गया।

बता दें कि विकासखंड शंकरगढ़ के अंतर्गत अकौरिया ग्राम सभा की दर्जनों की संख्या में महिलाओं ने तहसील बारा मुख्यालय में हंगामा शुरू किया और उपजिलाधिकारी बारा से इस प्रकरण में लिखित शिकायत की।महिलाओं ने कहा कि वन विभाग की ओर से उनके परिजनों पर दर्ज कराए गए मुकदमे वापस लिए जायें।हंगामा



करने वाली महिला शोभावती ने बताया कि अकौरिया गाँव के पूर्व प्रधान राजकरन द्वारा आदिवासी समुदाय के लोगों से आवासीय पट्टे देने के नाम पर 5-5 हजार रुपये लिए गये थे लेकिन आज तक न पैसा मिला और न ही आवास।विद्यावती ने बताया कि वन विभाग की जमीन को ही स्वीकृत पट्टे की जमीन बताकर पूर्व प्रधान ने 40 आदिवासी समुदाय के लोगों को बसा दिया।जब वन विभाग को जानकारी हुई तो सभी पर सरकारी जमीन हड़पने का मुकदमा दर्ज करा दिया। जिसको लेकर महिलाओं द्वारा मुकदमा वापस लेने की गुहार लगायी गयी और पूर्व प्रधान पर धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज कराने की माँग की।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न

## संगम सभागार में कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग की वसूली के प्रगति की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व विभागों के विभागवार राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए वाणिज्यकर विभाग के राजस्व वसूली की प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष कम पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने राजस्व वसूली की प्रगति ठीक न पाये जान पर सम्बंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए राजस्व की वसूली में तेजी लाये जाने का निर्देश दिया है। आबकारी विभाग की राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग के अधिकारियों को राजस्व वसूली बढ़ाये जाने के निर्देश दिए। इसी क्रम में परिवहन विभाग की




समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी।

समीक्षा करते हुए एआरटीओ प्रवर्तन का लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व की वसूली कम पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनकों स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने परिवहन, वाणिज्य एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों को प्रवर्तन की कार्रवाई में तेजी लाते हुए लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने आर0सी0 पर भी प्रभावी कार्रवाई करते हुए वसूली सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत विद्युत बकाये की वसूली सुनिश्चित करने के लिए कहा है। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए सभी उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को बकायेदारों से वसूली सुनिश्चित करने का निर्देश दिए है।

जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यों में लापरवाही या उदासीनता कत्तई क्षम्य नहीं होगा। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय सहित सभी अपर जिलाधिकारीगण एवं सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## रामेश्वर ग्राम समिति राचनपुर भोलेनाथ मंदिर में ताला तोड़कर चोरी

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत राचनपुर बघेड़ी गांव में रामेश्वर ग्राम विकास समिति भोलेनाथ मंदिर में मध्यरात्रि के करीब ढाई बजे मंदिर का ताला तोड़कर चोरों ने दान-पेटी का पैसा, पीतल के समस्त बर्तन, पूजा सामग्री, घंटा, पीतल का ताला सहित समस्त सामान ताला तोड़कर चुरा ले गए ग्रामीणों के अनुसार मंदिर में यह तीसरी बार चोरी हुई है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

## सांसद को धमकी देने वाला गिरफ्तार, 50 लाख रंगदारी न देने पर दी थी जान से मारने की धमकी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल को धमकी देकर पचास लाख रुपये की रंगदारी मांगने वाले आरोपी सुग्रीव कुमार वर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शंकरगढ़ के नौढिया गांव का निवासी सुग्रीव इस समय मुंबई में रहकर काम करता है। वह शराब पीने का आदी है। पुलिस की पूछताछम में बताया कि उसे पैसों की सख्त जरूरत थी। इसी चक्कर में उसने सांसद को दो बार फोन किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।बता दें कि फूलपुर सांसद को धमकी देने के मामले में कर्नलगंज पुलिस की ओर से मुकदमा दर्ज किया गया था और आरोपी की खोजबीन की जा रही थी। रुपये न मिलने पर उसने केशरी देवी को टिकट कटवाने की भी धमकी दी थी। पैसा न देने और पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी।

# संदिग्ध दशा में अधेड़ की मौत हत्या की सूचना

## शरीर पर मिले चोट के निशान

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम एक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अधेड़ की हत्या की सूचना पर पहुची पुलिस ने शरीर पर चोट के निशान देख शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। परिजन मौत का कारण नही बता पा रहे थे और पीएम कराने से भी कतरा रहे थे।

मूलतः वाराणसी के रहने वाले मेवालाल झूंसी के आवास विकास योजना 2 के सेक्टर 10 में परिवार के साथ रहते थे। शुक्रवार की शाम मेवा लाल 56 की संदिग्ध परिस्थिति



घर के बाहर लगी लोगो की भीड़।

में मौत हो गई। पुलिस को किसी ने मेवालाल की हत्या की सूचना दी तो मौके पर पहुची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की परिजन पुलिस को गोलमोल उत्तर देने लगे कभी बताते की बथारूप में गिरने से मौत हुई तो कभी सीड़ी से गिरने की बात बोलते मेवालाल के शरीर पर कई चोट के निशान थे।

कमर के नीचे से ब्लड निकल रहा था। मामला संदिग्ध होने की वजह से पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया हालांकि मेवा लाल की पत्नी कृष्णा व बेटा पीएम कराने का विरोध कर रहे थे। मौके पर मौजूद पड़ोसी दबी जुबान से तरह तरह की चचाएं कर रहे थे पर कोई खुल कर कुछ भी नही बोल रहा था।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बरनपुर**
**विकास खण्ड - कोरांव, प्रयागराज**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बरनपुर, विकास खण्ड कोरावं, जनपद प्रयागराज में राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजना के तहत निम्न कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसमें पंजीकृत फर्म का आवेदन मान्य होगा। निविदा सील बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत भवन अथवा प्रा.वि. में दिनांक 12.11.2022 से 20.11.2022 तक आमंत्रित की जायेगी। जिसे दिनांक 23.11.2022 उपरोक्त कार्यालय पर खोला जायेगा निविदा की स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करन का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। निविदि वित्तीय वर्ष 2022-23 में सभी कार्य हेतु प्रभावी होगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | सामग्री विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | पंचायत भवन बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य | प्रत्येक आवश्यक सामग्री | 2.03 लाख |
| 2. | पंचायत भवन परिसर में इण्टरलाकिंग कार्य | प्रत्येक आवश्यक सामग्री | 2.24 लाख |

भगवती कोल
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत बरनपुर
वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

रमाशंकर भारती
(ग्रा. पं. वि. अ.)
ग्राम पंचायत बरनपुर
वि. ख. कोरांव, प्रयागराज।

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत / टेण्डर/कोटेशन/2022-23/दिनांक : 11.11.2022




निःशुल्क कानूनी जागरूकता शिविर ग्रामीणो को जानकरी देते छात्र।

## ग्रामीणों ने लीं विभिन्न मुद्दों पर कानूनी जानकारी व सलाह

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर यूनाइटेड यूनिवर्सिटी के विधि विभाग के संकाय सदस्यों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहयोग से प्रयागराज के रावतपुर गांव में निःशुल्क कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया। बीए एलएलबी, बीबीए एलएलबी और एलएलबी प्रथम और द्वितीय वर्ष और एलएलएम के छात्रों ने जागरूकता शिविर में भाग लिया। उन्होंने कृषि सब्सिडी, सिंचाई, उपभोक्ता अधिकार, घरेलू हिंसा और शराब और ड्राइव मामलों के बारे में जागरूकता फैलाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट और प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज डॉ. लकी सिंह और अतिरिक्त सिविल जज (जूनियर डिवीजन) सुश्री शालिनी, भी इस अवसर पर मौजूद थीं। यूनिवर्सिटी की विधि विभाग की समन्वयक डॉ. रोशनी श्रीवास्तव ने बताया कि जागरुकता शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। उन्होंने छात्रों व प्रभारी कानूनी सहायता प्रकोष्ठ रीति सिंह से विभिन्न प्रकार की कानूनी जानकारी सलाह लिए। इस अवसर पर विधि विभाग से सहायक प्रोफेसर जिवेश दुबे सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित थे।

# ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बच्चों में शारीरिक विकास को बढ़ावा देने एवं नेतृत्व क्षमता सम्बर्धन हेतु फूलपुर में ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता उच्च प्राथमिक विद्यालय फूलपुर के मैदान में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता मुख्य अतिथि बीडीओ फूलपुर एच पी वर्मा ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चन के उपरांत झण्डी दिखा कर शुभारंभ किया। साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारी फूलपुर विश्वनाथ प्रजापति ने बच्चों का मनोबल बढ़ाने हेतु मेडल एवं प्रशस्ति पत्र के साथ साथ पुरस्कार का वितरण किया।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती



बच्चो को पुरस्कृत करती मुख्य अतिथि।

वंदना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के बालक-बालिका का अलग अलग दौड़, लम्बी कूद, ऊँची कूद, कबड्डी एवं खो-खो का आयोजन हुआ। जिसमें प्राथमिक विद्यालय बेलवा के छात्र अभय यादव ने दौड़ एवं लम्बी कूद में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। रसूलपुर बारो के छात्र करन, खुशबू , सिद्धि ने पदक प्राप्त किए। तिसौरा की छात्रा नम्रता ने सर्वाधिक पदक प्राप्त किए। इस अवसर पर ब्लाक व्यायाम शिक्षक उमापति पाण्डेय एवं अनुदेशकों ने कड़ी मेहनत से कार्यक्रम को सफल बनाए। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिनेश मिश्रा एवं मंत्री रानी देवी के साथ साथ अन्य शिक्षक सुनील तिवारी,नीरज सिंह, मो0 इमरान, अवधेश त्रिपाठी, मिथिलेश मौर्य एवं शैक्षिक संघ के अध्यक्ष मिथिलेश यादव ने अपना योगदान दिया। एआरपी प्रभाशंकर त्रिपाठी एवं परमानन्द कुशवाहा ने बच्चों को पुरस्कृत किया।कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रजापति ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।


# लेवदी गांव में मिला अजगर, ग्रामीणों में दहशत

अखंड भारत संदेश

**बारा।** बारा तहसील क्षेत्र के लेवदी गांव में अजगर मिलने से गांव में खलबली मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय पुलिस पहुंच वन कर्मियो को सूचना दी।लेवदी गांव में शुक्रवार की सांयकाल गांव में बस्ती के समीप धान की खेत में ग्रामीण धान काट रहे थे कि खेत में अचानक अजगर देख लोगो में खलबली मच गई। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस





वन विभाग को सूचना दी। वन कर्मी मनीष सिंह पहुंच करअजगर को पकड़ कर जंगल में छोड़ने के लिए साथ में ले गए तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।



**कार्यालय ग्राम पंचायत धवाड़ा, वि. ख. सरसवां, कौशाम्बी**

पत्रांक/मनरेगा/निविदा/सामग्री/2022-23

**निविदा**

दिनांक : 11.11.2022

महात्मा गांधी नरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में ग्राम पंचायत धवाड़ा में निम्नलिखित परियोजना की निविदा आमंत्रण हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। उक्त के अनुपालन में कार्य हित में निविदा आमंत्रण मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित परियोजनाओं पर सामग्री की आवश्यकता है। सम्बन्धि फर्म जो DRDA कौशाम्बी में मनरेगा website पर पंजीकृत इच्छुक निविदा दाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दाता फर्म का टिन नं./जीएसटी नं. फीड कराना होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनांक 12.11.2022 से प्राप्त एवं दिनांक 26.11.2022 तक निर्धारित शुल्क भु. 200/रू. ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। निविदा दिनांक 27.11.2022 को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान/सचिव की उपस्थिति में निविदा फर्म खोले जायेगें। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित होगा। **सामग्री की मात्रा निम्नानुसार हैः-**

| क्र0 सं0 | कार्यदायी संस्था ग्राम पंचायत | परियोजना का नाम | परिमाप | प्राकलित लागत (लाख) | निविदा हेतु सामग्री की लागत (लाख रू. में) | सामग्री का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | धवाड़ा | रामजी पटेल के घर से नीरज पटेल के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | ल. 90 चौ. 03 | | 3.17 | सामग्री प्राक्लन के अनुसार |
| 2. | धवाड़ा | इन्दल के घर से सुखलाल के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | ल. 90 चौ. 03 | 3.62 | 4.13 | सामग्री प्राक्लन के अनुसार |

मीरा देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत धवाड़ा
वि0 ख0 सरसवां, कौशाम्बी

शशांक सिंह
ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0
ग्राम पंचायत धवाड़ा
वि0 ख0 सरसवां, कौशाम्बी

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा छोड़कर दूसरे दिन भी नवोदय के छात्रों ने दिया धरना

## प्रधानाचार्य पर जातिवाद व शोषण का लगाया आरोप, भोजन व नाश्ता का भी किया बहिष्कार

### जांच टीम की बात पर खत्म किया धरना

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जांच टीम के मनाने के बाद छात्रों ने धरना समाप्त कर दिया। गौरीगंज के प्रिंसिपल एस के सक्सेना के नेतृत्व में आई जांच टीम ने छात्रों को समझा-बुझाकर धरने को समाप्त करा दिया।वही एस सक्सेना ने बताया कि जांच में यदि छात्रों का आरोप सही मिला तो इसकी रिपोर्ट विभाग के उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी उसके बाद कार्रवाई होना तय है।



दूसरे दिन भी नवोदय स्कूल में धरना देते छात्रगण।

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रधानाचार्य की तानाशाही रवैए के चलते छात्रों ने शुक्रवार को भी बिना नाश्ता व भोजन किए धरने को जारी रखा। वहीं चल रही अर्द्धवार्षिक परीक्षा का भी बहिष्कार कर दिया। छात्रों ने प्रधानाचार्य पर जातिवाद के साथ ही हर क्षेत्र में शोषण करने का आरोप लगाया है।

लालगंज तहसील क्षेत्र के नारायणपुर स्थिति नवोदय विद्यालय में बृहस्पतिवार को छात्रों ने प्रधानाचार्य पर पिटाई के साथ उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए खाना-पीना का बहिष्कार करते हुए विद्यालय परिसर में ही धरने पर बैठ गए। विद्यालय प्रशासन के लाख मानने के बावजूद बच्चे नहीं माने। जानकारी मिलते ही एसडीएम सौम्य मिश्र व सीओ सदर पवन त्रिवेदी विद्यालय पहुंच गए। एसडीएम के काफी प्रयास के बाद छात्रों ने धरने को समाप्त करके सभी छात्रावास में चले गए, लेकिन शुक्रवार को सुबह छात्रों ने खाने व नाश्ते का बहिष्कार करके धरने पर पुनः बैठ गए। विद्यालय परिसर में छात्रों ने खूब जमकर प्रधानाचार्य के विरुद्ध नारेबाजी करते दिखे। छात्रों ने प्रधानाचार्य पर जातिवादी मानसिकता के साथ ही गुणवत्ता विहीन भोजन के साथ ही सभी छात्रों का हर जगह शोषण करने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंचे एसडीएम, सीओ के साथ गौरीगंज के प्रधानाचार्य ने छात्रों को मनाने का प्रयास करते रहे, लेकिन छात्रों की एक रटन की प्रिंसिपल का शीघ्र ही तबादला हो तभी धरना समाप्त किया जायेगा।

### कमिश्नर के आने की जिद पर अड़े रहे छात्र

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नवोदय विद्यालय के प्रिंसिपल की पिटाई व शोषण से नाराज होकर छात्रों ने नवोदय के कमिश्नर व डिप्टी कमिश्नर के आने के बाद ही धरना समाप्त करने की जिद पर अड़े दिखे।छात्रों ने कहा की जब तक प्रिंसिपल का स्थानांतरण नही होगा, तब तक वह धरना जारी रखेंगे। वहीं चचाओं पर गौर करे तो विद्यालय का स्टाफ भी अंदर ही अंदर प्रधानाचार्य की कार्य शैलियों से नाराज चल रहा है। उधर इस संबंध में एसडीएम सौम्य मिश्र का दावा है कि मुद्दा को सुलझा लिया गया है।


रेलवे स्टेशन पर साफ सफाई करते सफाई कर्मचारी।

# रेलवे बोर्ड ने चलाया रेलवे परिसर में गहन सफाई अभियान

## स्टेशन पर स्वच्छता पखवारा की हुई शुरूआत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** स्टेशन की साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए रेलवे स्वच्छता पखवारा मना रहा है। जिसमें ग्यारह नवंबर से गहन सफाई अभियान की शुरूआत की गई है। इसके अंतर्गत स्थानीय रेलवे स्टेशन पर भी सफाई अभियान चलाया गया। प्लेटफार्म की धुलाई और पोछा झाडू का वृहद अभियान चलाया गया। सफाई कॉन्ट्रैक्टर के सुपरवाइजर भरत यादव की अगुवाई में सफाई कर्मियों ने जगह जगह फैली गंदगी को साफ किया। पानी से धुलाई हुई। रेलवे पार्क में झाडू अभियान चलाया गया। दरअसल, रेलवे बोर्ड ने पत्र जारी किया है, जिसमें स्टेशनों की साफ सफाई के लिए गहन सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। एसएस ने बताया कि 11 से 25 नवंबर तक ड्राइव चलेगी।

# सीएमओ ने सांगीपुर सीएचसी का किया औचक निरीक्षण, कर्मचारियों में मचा रहा हडकंप

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के सीएमओ डा. जीएम शुक्ल ने शुक्रवार को सांगीपुर सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। सीएमओ के निरीक्षण से अस्पताल परिसर में हडकंप का माहौल बन गया। सीएमओ ने प्रसव कक्ष का निरीक्षण कर यहां साफ सफाई के प्रबन्धों को देखा।

वहीं उन्होने डयूटी पर तैनात नर्स से माह में प्रसव की संख्या का सवाल दागा तो वह निरूत्तर नजर आयी। इस पर सीएमओ नाराज दिखे। इसके बाद सीएमओ ने निमार्णाधीन चालीस बेड के कोविड कक्ष का भी निरीक्षण करते हुए प्रगति की जानकारी ली।

निर्माण कार्य मे कार्यदायी संस्था को मानक एवं गुणवत्ता के भी निर्देश दिये। प्रधानमंत्री आयुष्मान के ऑपरेटर पवन कुमार मिश्र को अस्पताल परिसर में देख भी सीएमओ नाराज हो उठे। उन्होने कर्मचारी को गांव गांव पहुंचकर पात्रों के कार्ड बनाये जाने मे तेजी लाये जाने को कहा। अस्पताल मे एक्सरे मशीन न होने पर सीएमओ ने अधीक्षक से कारण पूछा। अधीक्षक ने बताया कि विभाग को सूचना दी गयी है किंतु अभी तक एक्सरे मशीन नही आ सकी। सीएमओ ने जल्द ही एक्सरे सुविधा बहाल कराए जाने का आश्वासन दिया। उन्होने अधीक्षक डा. आनन्द तिवारी से परिसर मे साफ सफाई के भी बेहतर प्रबन्ध सुनिश्चित कराए जाने को कहा।


सांगीपुर सीएचसी का निरीक्षण करते सीएमओ डा0 जीएम शुक्ल।

### दबंगों ने युवक को मारी गोली, रेफर

**प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुसेमर ठकुराइन का पुरवा गांव में दबंगों ने जमीनी विवाद को लेकर युवक को गोली मार दी। फायरिंग में युवक के सिर में गोली लगी जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। इलाज के लिये उसे अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे इलाहाबाद के लिये रेफर कर दिया गया।

# जिला अस्पताल में प्रेस फोटोग्राफर से सुरक्षा कर्मी भिड़ा, मांगा परिचय पत्र

## विवाद की सूचना पर पहुंचे प्राचार्य, मीडिया कर्मियों को समझाया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सोनेलाल स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय (राजकीय मेडिकल कालेज) से सम्बद्ध प्रताप बहादुर जिला अस्पताल में वेतन न मिलने से क्षुब्ध सफाई कर्मचारियों द्वारा दो दिन से वार्डों की सफाई न करने से वार्डों में कूड़ा इकट्ठा हो गया है।

इसकी फोटो लेने गये प्रेस फोटोग्राफर से अस्पताल के सुरक्षा कर्मी द्वारा बदसलूकी करने का आरोप मीडिया कर्मियों ने लगाया, जिस पर राजकीय मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा0 आर्य देष दीपक ने मीडिया कर्मियों के बीच आकर कहा कि वह सभी प्रेस का सम्मान करते हैं, लेकिन सुरक्षा कर्मी अभी नया है, वह मीडिया कर्मियों को नहीं पहचानता इसलिये उसने पहचान पत्र मांगा था। घटना की सूचना पाकर शहर कोतवाल भी मयफोर्स अस्पताल पहुंच गये थे। इससे लगभग एक घंटे तक अस्पताल में अफरा-तफरी रही।

बता दें कि अस्पताल के सफाई कर्मचारियों का वेतन कुछ माह से रुका है जिससे सफाई कर्मचारी गुरुवार से अस्पताल की सफाई कार्य बंद कर दिये हैं जिससे अस्पताल में जगह-जगह कूड़ा हो गया है। इसी की फोटो कवरेज करने गये एक प्रेस फोटोग्राफर से सुरक्षा कर्मी भिड़ गया। आरोप है कि उसने रायफल तान दी थी। इसकी सूचना पर बड़ी संख्या में मीडिया कर्मी अस्पताल पहुंच गये थे लेकिन अस्पताल में प्राचार्य डा0 आर्य देश दीपक के समझाने पर मीडिया कर्मी वहां से हटे।


मीडिया कर्मियों से बात करते मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा0 आर्य देश दीपक

### क्या कहते हैं मेडिकल कालेज के प्राचार्य?

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** इस बारे में राजकीय मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा0 आर्य दश दीपक ने बताया कि सफाई कर्मियों का एक माह का वेतन इसी माह के अंत तक मिल जाएगा लेकिन उनका बकाया वेतन के लिये बजट अभी नहीं आया है। इसका भुगतान फरवरी तक हो जाने की आशा है। सुरक्षा कर्मी के बारे में प्राचार्य ने कहा कि सुरक्षा कर्मी ने प्रेस फोटोग्राफर से परिचय पत्र मांगा था जिस पर विवाद हो गया था।

# इंटरनेशनल कराटे चैपियनशिप में मेडल पाने वाले खिलाड़ी हुए सम्मानित

## टीम इंस्ट्रक्टर डा0 सैयद मसूद वाइस प्रेसिडेंट ऑफ इण्डिया नियुक्त

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** गोवा के पदम् स्पोर्ट्स क्लब में 5 एवं 6 नवंबर को हुए एस०के०आई०ए० इंटरनेशनल कराटे चैपियनशिप में भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका एवं नेपाल के खिलाडियों ने भाग लिया जिसमें प्रतापगढ़ के पांच खिलाडियों ने 9 मेडल जीतकर उत्तर प्रदेश का नाम रौशन किया द्य प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर नौतनवा एक्सप्रेस से उतरने पर सृजना साहित्यिक संस्था के अध्यक्ष डॉ० दयाराम मौर्य रत्न, अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा एवं समन्वय सेवा संस्थान के जिला समन्वयक राकेश कुमार कनौजिया द्वारा अंगवस्त्र एवं फूलमाला के साथ उनकी अगवानी की गयी तथा उत्तर प्रदेश के साथ जनपद का गौरव बढ़ाने पर उनकी सराहना की गयी।

एस०के०आई०ए० इंटरनेशनल कराटे चैपियनशिप में मो० अजीमुद्दीन को 60 किलो वर्ग में 1 गोल्ड मेडल एवं 1 सिल्वर मेडल, अक्षय प्रजापति को 55 किलो वर्ग में 1 सिल्वर मेडल एवं 1 ब्रौंज मेडल, किशन प्रजापति को 55 किलो वर्ग में 1 सिल्वर मेडल एवं 1 ब्रौंज मेडल, आनन्द श्याम निर्मल को 45 किलो वर्ग में 1 सिल्वर मेडल एवं 1 ब्रौंज मेडल तथा सबसे छोटी खिलाड़ी मर्जिया मुजफ्फर को 5 वर्ष के वर्ग में 1 गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ तथा बांग्लादेश से आए जज बोकुल हुसैन ने टीम के प्रदर्शन से प्रभावित होकर ट्राफी टीम इंस्ट्रक्टर डाक्टर सैयद मसूद मुजफ्फर को देकर सम्मानित किया। टीम के प्रदर्शन को देखते हुए जिला टीम इंस्ट्रक्टर डाक्टर सैयद मसूद मुजफ्फर को वाइस प्रेसिडेंट ऑफ इण्डिया नियुक्त किया गया। उक्त अवसर पर डॉ० दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि कम खिलाडियों के होने के बावजूद जिस प्रकार लगन और मेहनत से प्रतापगढ़ के खिलाडियों ने विभिन्न देशों के खिलाडियों के साथ प्रतिस्पर्धा को जीतकर 9 मेडल बटोरने में सफलता प्राप्त की वह बड़े गर्व की बात है।


रेलवे स्टेशन पर उतरे खिलाडियों का सम्मान करते समाज सेवीगण।

### महिला की पिटाई को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने महिला की पिटाई को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ गुरूवार की शाम मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज के सरैंया असरही निवासी इसरार की पत्नी शायरा बानो ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि पहली नवंबर को जमीनी विवाद में विपक्षियों ने उस पर हमला कर दिया। गांव के विपक्षी निजाम पुत्र नसीर तथा जाहिद की पत्नी मनीषा, निजाम की पत्नी आजमीन व जाहिद पुत्र नसीर ने उसे मारापीटा। धारदार हथियार से विपक्षियो के हमले मे पीडिता लहूलुहान हो उठी। शोर मचाने पर आरोपी गाली देते हुए जानलेवा धमकी देने लगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# जर्जर तारों व पोलों के बदले जाने को लेकर ऊर्जा मंत्री ने दिये आदेश

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विधायक एवं राज्यसभा सदस्य के पत्र पर प्रदेश के उर्जा मंत्री ने नगर की बाजार में जर्जर विद्युत तारों एवं लोहे के जीर्ण शीर्ण हो उठे पोलों को बदले जाने के लिए पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम वाराणसी के प्रबन्ध निदेशक को कार्यवाही के निर्देश दिये है।

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने प्रतापगढ़ के रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र की लालगंज बाजार में जर्जर तारों व पोलो को बदलवाए जाने के लिए तीन नवंबर को पत्र लिखा था। ऊर्जा मंत्री ने चार नवंबर को विधायक एवं राज्यसभा सदस्य को भेजे गये अलग अलग पत्र में जर्जर तारो व पोलों को बदलवाये जाने के बाबत पूर्वाचल विद्युत वितरण निगम को प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये जाने की जानकारी दी है। बता दें लालगंज बाजार में हाल ही में बिजली के चार पोल जीर्ण शीर्ण होने के कारण अचानक गिर गये थे। इसके चलते हुई दुर्घटना मे चार लोग जख्मी भी हो गये थे। घटना की जानकारी लोगों ने विधायक मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को दी थी। इस पर सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना ने ऊर्जा मंत्री को नेशनल हाइवे पर स्थित नगर पंचायत की महत्वपूर्ण बाजार में हुई दुर्घटना का जिक्र करते हुए जर्जर तारों व खम्भों को बदलवाये जाने को लेकर पत्र लिखा था। सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना को ऊर्जा मंत्री के द्वारा कार्रवाई के निर्देश के बाबत भेजे गये पत्र की यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से जानकारी दी गयी है।

### प्रमोद व मोना ने लिखा था ऊर्जा मंत्री को पत्र

### न्यू एंजिल्स में 14 को लगेगा बाल मेला

**प्रतापगढ़।** न्यू एन्जिल्स सीनियर सेकण्ड्री स्कूल में 14 नवम्बर को बाल मेला का आयोजन किया गया है। बाल मेले का उद्घाटन वरिष्ठ साहित्यकार डा0 दयाराम मौर्य रत्न करेंगे। मेले में अध्यापकों और छात्र छात्राओं ने मिलकर भिन्न भिन्न प्रकार के व्यंजनो की दुकानें. लगाएंगी। इस बाल मेला का शुभारम्भ प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक होगा। यह जानकारी प्रबंधिका डा0 शाहिदा ने दी।

# चोरी की मोटर साइकिल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

## दुष्कर्म के अभियोग में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 मिथिलेश चैरसिया मय हमराह द्वारा चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के राजापाल टंकी चैराहा के पास से एक व्यक्ति नन्दलाल यादव को चोरी की एक सुपर स्प्लेण्डर मोटर साइकिल (जिस पर गलत नम्बर अंकित है) का प्रयोग करते हुए गिरफ्तार किया गया व गिरफ्तार अभियुक्त नन्दलाल यादव से पूछताछ के क्रम में उक्त मोटर साइकिल चोरी करने वाले एक अभियुक्त मो0 आशिफ को जामा मस्जिद के पास स्थित चाय की दुकान से गिरफ्तार किया गया।

उक्त मोटर साइकिल की चोरी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0 983/2022 धारा 379 भादंवि का अभियोग पंजीकृत है, बरामदगी के उपरान्त उक्त अभियोग में धारा 170, 411, 420, 465, 468 भादवि की बढ़ोतरी की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त मो0 आशिफ द्वारा पूछताछ में बताया गया कि बरामद मोटर साइकिल मेरे द्वारा जामा मस्जिद चैराहा के पास चोरी की गई थी व उसमें गलत नम्बर प्लेट लगाकर मैंने मोटर साइकिल नन्दलाल यादव को आठ हजार रुपए में बेंच दी थी। गिरफ्तार अभियुक्त में नन्दलाल यादव पुत्र जोगेन्द्र सिंह यादव निवासी पूरे अन्ती केशवराय थाना अंतू, प्रतापगढ़ व मो0 आशिफ पुत्र मो0 इस्माइल निवासी सिप्टैन रोड जामा मस्जिद थाना कोतवाली नगर, प्रतापगढ़ शामिल रहे। उधर थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 राजेश कुमार शुक्ला मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 769/2022 धारा 376, 323, 504,506, 328 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त,अब्बू हस्सान पुत्र स्व0 फुरकान निवासी ग्राम हकीम का पुरवा थाना कोतवाली नगर को सदर तहसील, प्रतापगढ़ के पास से गिरफ्तार किया गया। उधर थाना फतनपुर के प्र0नि0 रविन्द्र कुमार तिवारी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 266/2022 धारा 376(3) भादवि0 3/4 पाक्सो अधि0 से संबंधित वांछित अभियुक्त अर्जुन गौतम उर्फ अभिषेक पुत्र लल्लू गौतम नि0 ग्राम मोलानापुर पो0 बड़ारी थाना पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ कोजरगोईया सोलांकि विद्यालय के पास से गिरफ्तार किया गया।

### तमंचा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना अध्यक्ष बाघराय अवन कुमार दीक्षित की अगुवाई में पुलिस की टीम ने बदमाश को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। चोरी की हुई मोटर को बदमाश से पूछताछ के बाद पुलिस ने मोटर को बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्त बाघराय थाना क्षेत्र के सिया लाला का पुरवा निवासी प्रदीप कुमार सरोज है। पुलिस ने उसे बाघराय थाना क्षेत्र के नगरहन का पुरवा से गिरफ्तार किया है।

### बच्चों की पिटाई को लेकर पुलिस को दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्कूल में परीक्षा देकर वापस घर आ रहे बच्चों की रास्ते में दबंगो ने पिटाई कर दी। पीडित ने लीलापुर एसओ से मिलकर तहरीर सौपी है। सिंधौर परसीपुर निवासी बबलू वर्मा पुत्र रामफेर वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि शुक्रवार को उसका बारह वर्षीय बेटा राज वर्मा चमरूपुर शुक्लान स्थित विद्यालय मे पढ़ता है। बच्चे के साथ उसके साथी भी सरला इण्टरमीडिएट कालेज में परीक्षा देकर घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में सिंधौर के समीप कुछ दबंगो ने बच्चो को प्लास्टिक की पाइप तथा डण्डे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया।

### भंडारे में उमड़े श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के भरोखन में स्थित साईं मंदिर पर गुरुवार की शाम एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बेनी प्रसाद सिंह सोमवंशी महाविद्यालय के प्रबंधक दयाभान सिंह उर्फ पप्पू सिंह के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया जहां पर पट्टी नगर सहित एक दर्जन से अधिक गांव के लोगों ने पहुंचकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

# किसान समृद्धि योजना से समस्याग्रस्त क्षेत्रों का कराएं उपचारः डीएम

## डीएम की अध्यक्षता में भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, उप कृषि निदेशक डा0 रघुराज सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी-प्रथम डा0 रमेश चन्द्र, भूमि संरक्षण अधिकारी-द्वितीय विनोद कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला उद्यान अधिकारी डा0 सीमा सिंह राणा, जिला कृषि अधिकारी अश्वनी कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में भूमि संरक्षण अधिकारी-प्रथम डा0 रमेश चन्द्र द्वारा पूर्व वर्ष में समिति द्वारा अनुमोदित किये गये कार्यवृत्त के अनुपालन के सम्बन्ध में सदस्यों को अवगत कराया जिसमें पूर्व वित्तीय वर्ष में पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना में भूमि संरक्षण प्रथम इकाई एवं द्वितीय इकाई द्वारा क्रमशः 370.84 हेक्टेयर एवं 278.74 हेक्टेयर क्षेत्र का उपचार किया गया। खेत-तालाब योजनान्तर्गत प्रथम इकाई द्वारा 23 खेत-तालाब एवं इकाई द्वितीय द्वारा 24 खेत तालाबों का निर्माण कराया गया है। नाबार्ड योजना से पूर्व में निष्पादित परियोजनाओं के संरचनाओं में हुये टूट-फूट का मरम्मत कार्य कराकर अनुमोदित व्यय का उपभोग कर लिया गया।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि भूमि संरक्षण की दोनो इकाईयों में विकास खण्ड का आवंटन नही है जिस कारण दोनो इकाई एक ही विकास खण्ड में कार्य निष्पादित कर रहे है, इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि दोनो इकाईयों के मध्य विकास खण्ड का आवंटन शीघ्र कर दिया जाये एवं योजनाओं जैसे खेत तालाब योजना के प्रचार प्रसार हेतु उप कृषि निदेशक कार्यालय एवं विकास भवन के परिसर में योजना से सम्बन्धित दिशा निर्देश के होर्डिंग लगाये जाएं। उन्होने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना से समस्याग्रस्त क्षेत्रों का उपचार करायें और शासन की अन्य योजनाओं का सकुशल सम्पादन करें इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।


जल संरक्षण समिति की बैठक में बोलते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल


# शादी के लिए इकट्ठा किए गए लाखो की नगदी जेवर उठा ले गए चोर

## पहले भी हो चुकी है कई चोरी की घटनाओ के खुलासे में पुलिस है बिफल

**अखंड भारत संदेश**

**कल्याणपुर कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र में चोर गिरोह के सदस्यों के हौसले बुलंद है गिरोह के सदस्य आएं दिन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं खुलासे के नाम पर पुलिस लकीर पीटती रह जाती है किसी भी घटना का खुलासा पुलिस नहीं कर पा रही है बीती रात फिर एक घर के दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर घुसे चोर लाखों रुपए कीमत के सोने के जेवर और नकदी उठा ले जाने में सफल रहे हैं पूर्व की घटनाओं के खुलासे पुलिस नहीं कर सकी है जिससे क्षेत्र के लोगों का पुलिस से खुलासे के प्रति विश्वास उठता जा रहा है।

### कोखराज क्षेत्र में पुलिस पस्त चोर मस्त



चोरी के बाद बिखरा पड़ा समान।

थाना कोखराज के टेडीमोड शहजादपुर चौकी अंतर्गत ग्राम अहिरारा में कंधई त्रिपाठी के यहां आज रात्रि में चोर दरवाजा का ताला तोड़ कर घर के भीतर घुसे और गृहस्वामी के घर में रखा 50 हजार नगदी और लगभग 4 लाख के सोने के गहने को बेखौफ चोर चुरा ले गए। गृहस्वामी की लड़की की शादी होने वाली थी।धीरे धीरे शादी का सामान वह इकट्ठा कर रहे थे घर में चोरी होने के बाद अब बेटी की शादी कैसे होगी गरीब ब्राह्मण का भविष्य अब गर्त में है थाना क्षेत्र में इस समय चोरों के हौसले बुलंद है।क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटनाएं होती रहती है ।पुलिस रात भर गस्त करती है ।लेकिन फिर भी चोर चोरी करने में सफल हो रहे है। इसी तरह पिछले हफ्ते जीटी रोड कल्याणपुर में कई शटर के ताले तोड़ कर लाखों रुपए का मॉल चोर उठा ले गए। इसके पहले भी कल्याणपुर और उसके आसपास चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं जिसका कोई सुराग नहीं लगा यही हाल रहा तो चोरों के हौसले और बढ़ते जाएंगे अब तो ठंडी शुरू हो गई है लोग अपने घरों के अंदर सोते रहेंगे ।और चोर अपना काम करेंगे।ऐसी स्थिति में हमे सजग रहना पड़ेगा अपने जान मॉल की सुरक्षा स्वयं करना होगा

## महिला व उसके बेटे को दबंगों ने पीटा

**कौशांबी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के अढौली गांव निवासी मैना देवी पत्नी राम सखा रैदास ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह गांव के पशुबाड़े में काम कर रही थी तभी गांव के उमेश पशुवाड़ा पहुंचे और बाल्टी में लात मार कर पानी गिरा दिया जब उसने मना किया तो महिला को पकड़कर लात घूसों से मारपीट किया है और दीवाल से सिर टकरा दिया है जिससे महिला को चोटें आई हैं महिला का कहना है कि थाना पुलिस से शिकायत करने के बाद पुलिस ने आरोपी के साथ महिला के बेटे को भी हवालात में डाल दिया और दूसरे दिन शांतिभंग में चालान कर दिया महिला का बेटा जमानत से वापस घर पहुंचा तो आरोपी अपने भाई के साथ मिलकर फिर महिला व उसके बेटे से मारपीट किया है जिससे मां बेटे के चोट आई हैं महिला का कहना है कि थाना पुलिस ने उसे न्याय की उम्मीद नहीं है।

# इलाहाबादी ठेकेदार चला रहा नगर पंचायत अझुवा

## मनमाफिक अधिकारी की सेटिंग करवा कर करोड़ों भ्रस्टाचार की फिराक में इलाहाबादी ठेकेदार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा को शासन ने मार्च 2021 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श योजना में शामिल कर 3 करोड़ से अधिक धनराशि निर्गत कर विकास की पटरी पर अग्रसर करने की मुहिम चलाई इस बीच भ्रस्टाचार में आकंठ डूबे इलाहाबादी ठेकेदार ने सफेद पोश नेता के संरक्षण में बड़ा खेल करते हुए 30 सितम्बर को 2 करोड़ की भारी भरकम धनराशि से हाईमास्ट,एलईडी स्ट्रीट लाइट ,खम्भा,स्ट्रीट लाइट का खुद की फर्म टेंडर करवा लिया इस अभियान में सफेदपोश और नगर के जिम्मेदारों की महती भूमिका रही, जबकि नगर पंचायत अझुवा में स्ट्रीट लाइट ,हाईमास्ट की कोई कमी नही दिन के उजाले में भी प्रकाशमान रहती हैं। आखिर 40 से 50 फीसदी कमीशन का सवाल जो ठहरा!!!इस बीच 30 अगस्त 2022 को राज्य वित्त और 15 वां बुनियादी,निर्दिष्ट अनुदान से पचासों लाख से अधिक का टेंडर करवाकर नवम्बर माह में ठेकेदार मानक विहीन कार्य करवा रहा है वहीं सूत्रों के अनुसार इलाहाबादी ठेकेदार का रसूखदार सफेद पोश कथित नेता का संरक्षण बताया जा रहा है रसूखदार सफेद पोश नेता की जिले सहित आसपास के जनपदों में इतनी धाक बनी है कि कोई छुटभैय्या नेता, जिला के उच्च अधिकारी भी खामोश रहकर तमाशबीन बने हैं इलाहाबादी ठेकेदार की खिलाफत करना बड़ी दूर की कौड़ी साबित हो रही है नगर पंचायत अझुवा में वार्ड नं 12 नयानगर सहित कई वार्डों में इलाहाबादी ठेकेदार मानक विहीन इंटरलॉकिंग लगवा रहा जिसका नगरवासियों में आक्रोश देखा जा रहा है किंतु किसी की मजाल नही कि खिलाफत कर सके ।जहां नाली निर्माण होना चाहिए वहां दबंग ठेकेदार रिपेयर करवा रहा है ।सरकार की जीरो टेलेरेन्स नीति को जिम्मेदार अधिकारियों सफेदपोश कथित नेता के संरक्षण में बड़ा खेल कर रहा है बड़ा सवाल क्या सरकार के नुमाइंदे ध्यान देंगे या दबंग ठेकेदार की हिटलरशाही नीति चलती रहेगी

## नियम विरुद्ध तरीके से मामा भांजे की बैंक में हुई तैनाती

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** विभागीय अधिकारियों को धोखे में रखकर यूनियन बैंक आफ इंडिया मंझनपुर शाखा में मामा भांजे ने तैनाती पा ली है बैंक में तैनात मामा भांजे के आतंक से खाताधारक परेशान है बैंक के नियमों की बात करें तो ब्लड के रिश्ते के लोगों की एक बैंक में तैनाती एक साथ नहीं की जा सकती है लेकिन मामा भांजे की बैंक में तैनाती के मामले में अधिकारियों ने इस नियम की धज्जियां उड़ा दी हैं एक बैंक में दो लोगों की तैनाती के मामले में अभी तक शाखा प्रबंधक ने भी बैंक के उच्च अधिकारियों को अवगत नहीं कराया है।बताया जाता है कि यूनियन बैंक आफ इंडिया मंझनपुर शाखा में तैनात मामा भांजे इसी जनपद के रहने वाले हैं जिससे स्थानीय लोगों से उनके गहरे संबंध हैं और स्थानीय होने के चलते मामा भांजे से शाखा प्रबंधक भी डरे सहमे रहते हैं आए दिन खाताधारक इन मामा भांजे की शिकायत करते हैं लेकिन मामा भांजे का बाल बांका नहीं हो सका है यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मंझनपुर शाखा में तैनात मामा भांजे के आतंक से त्रस्त खाताधारकों ने बैंक के उप महाप्रबंधक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मामा भांजे पर कार्यवाही करते हुए उनका जिले से बाहर स्थानांतरण करने की मांग की है जिससे खाताधारकों की परेशानी दूर हो सके।

# नौढिया गांव में 6 दिन में मिली तीन लाशें

## दो लाश की हुई शिनाख्त तीसरी लाश की पुलिस नही कर सकी शिनाख्त

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के नौढिया गांव के पास रेल लाइन पर बीते 6 दिनों के बीच में 2 महिला एव एक पुरुष की लाश मिल चुकी है एक पुरुष और एक बालिका की लाश की शिनाख्त परिजनों ने कर ली है लेकिन एक महिला की लाश की शिनाख्त पुलिस नहीं कर सकी है घटनास्थल पर लाश के पास खून मौजूद नहीं है लेकिन फिर भी पुलिस मामले को आत्महत्या और दुर्घटना मान रही है जबकि बालिका के लाश मिलने के बाद ऑडियो वीडियो और फोटो वायरल हो रही है फोटो में साफ दिखाई पड़ रहा है कि कुछ लोग बालिका की लाश रेल लाइन पर फेंक कर झाड़ी के पास खड़ी बाइक की ओर तेजी से भाग रहे है

05 नवंबर को दलित बालिका अंजली निवासी काशिया पश्चिम की लाश नौढिया गांव के पास रेल लाइन पर पड़ी थी पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा बाद में परिजनों ने पालिका की शिनाख्त की अंजली की मौत के बाद फोटो वीडियो और ऑडियो वायरल हो रहे हैं ऑडियो में अंजली की हत्या किए जाने की धमकी दी जा रही है हालांकि हम इस ऑडियो वीडियो फोटो की पुष्टि नहीं कर रहे हैं वही फोटो में साफ दिखाई पड़ रहा है कि कुछ लोग बालिका की लाश को रेल लाइन पर रख रहे हैं और उसके बाद वीडियो में साफ देखा जा रहा है कि लाश की ओर से कुछ लोग झाड़ी में खड़ी बाइक की तरफ तेजी से भाग रहे हैं लेकिन घटना को कई दिन बीत जाने के बाद भी मामले के नामजद आरोपियों पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मुकदमा नहीं दर्ज किया है आरोपियों की गिरफ्तारी करना तो पुलिस के लिए दूर की बात है इस घटना को लोग भूल नहीं पाए थे कि 10

### ऑडियो वीडियो फोटो वायरल होने के बाद भी पुलिस मान रही दुर्घटना

नवम्बर को फिर नौढिया गांव में रेल लाइन के पास एक महिला की लाश मिली है यह महिला कहां की है रेल लाइन तक कहां से पहुंची है इन तमाम सवालों को खोजने का पुलिस ने प्रयास नहीं किया है महिला की लाश की शिनाख्त पुलिस नहीं कर सकी है दो घटनाओं के बाद फिर 11 नवंबर को रामपुर सुहेला गांव निवासी जमुना प्रसाद पुत्र महादेव सरोज की लाश नौढिया गांव के पास रेल लाइन पर मिली है इस मामले में भी पुलिस ने बिना किसी जांच-पड़ताल के ही आत्महत्या मान लिया है जबकि आत्महत्या करते किसी ने देखा नहीं है आखिर बिना साक्ष्य सबूत के पुलिस ने कैसे अधेड़ की मौत को आत्महत्या मान लिया है आत्महत्या दुर्घटना बताकर थाना पुलिस विवेचना तफसीश से दूर भागती दिख रही है जबकि यदि 6 दिन के बीच मिली तीन लाशों के मामले में पुलिस सूक्ष्म जांच कराए तो तमाम चौंकाने वाले खुलासे होंगे लेकिन आत्महत्या और दुर्घटना की बयान बाजी कर थाना पुलिस जांच से बचना चाहती है जिससे थाना पुलिस की निष्ठा पर भी सवाल उठ रहे हैं

## शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्ता मनीषा देवी पत्नी भोरे लाल निवासी बाकरगंज थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार कर कब्जे से 07 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्ता का चालान न्यायालय कर दिया है।

## चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 414 वाहनों का ई-चालान व 08 वाहनों का चालान कर 4500 रुपए सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 20 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना महेवाघाट से दो थाना पिपरी से सात थाना चरवा से चार थाना कोखराज से तीन थाना सैनी से तीन थाना सराय अकिल से एक कुल 20 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# कांग्रेसी नेता ने राहुल गांधी को बताई दोआबा की दुर्दशा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** कांग्रेस पार्टी ने सात सितम्बर से भारत जोड़ो यात्रा शुरू की है। तीन हजार 570 किलोमीटर का सफर तय होने के बाद काश्मीर पहुंचकर यह यात्रा समाप्त होगी। यात्रा का नेतृत्व कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी कर रहे हैं। कौशाम्बी निवासी यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शेष नारायण ओझा भी यात्रा में राहुल गांधी के साथ चल रहे हैं।



भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ कौशांबी के नेता शेष नारायण ओझा

शुक्रवार को शेष नारायण ओझा ने राहुल गांधी को जिले की स्थिति से अवगत कराया। बताया कि यहां के लोग अभी भी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए दूसरे शहरों पर निर्भर हैं। परिवहन तक की बेहतर व्यवस्था नहीं है। राहुल गांधी ने इस बाबत पीएम मोदी को पत्र भेजने का आश्वासन दिया है। यह भी वादा किया है कि सरकार बनने पर कौशाम्बी की दशा और दिश संवार दी जाएगी।

## चार वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में अलग अलग थाना पुलिस बल द्वारा चार वारंटी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वारटी अभियुक्त कल्लू पुत्र मसुरियादीन निवासी ऊनों व होटा नन्द पुत्र स्व0 रामदास निवासी अम्बावा पश्चिम थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त दिनेश द्विवेदी पुत्र सालिकराम निवासी कटरी थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना चरवा पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त विकाश पासी पुत्र शियानन्द पासी निवासी उजहिनी आइमा गोदाम थाना चरवा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# अझुवा के पेट्रोल पम्प में कम पेट्रोल देने की कोतवाल से शिकायत

## आम जनमानस के साथ अधिकारी और नेता के वाहनों में भी पेट्रोल भरवाने के समय नाप कम दिया जाता है

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशांबी।** पेट्रोल पंप में कम पेट्रोल देने की शिकायत आए दिन होती है लेकिन जब योगी की पहले बार उत्तर प्रदेश में सरकार बनी थी तो सूबे के मंत्री द्वारा पेट्रोल पंप की एक सप्ताह तक जांच की गई जांच के दौरान पेट्रोल पंप में चिप लगाए जाने की पुष्टि भी हुई लेकिन फिर अचानक पेट्रोल पंप की जांच बंद हो गई है और पेट्रोल लेने वाले ग्राहक खुलेआम ठगे जा रहे हैं फिर भी कार्यवाही के नाम पर विभागीय अधिकारी किनारा काट रहे हैं आज अझुवा के पेट्रोल पंप में कम पेट्रोल देने की शिकायत सैनी कोतवाल से युवक ने की है

जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर बजहा गांव निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र फूलचंद बाइक से खागा जा रहे थे रास्ते में उन्होंने भारत पैट्रोलियम अझुवा के पेट्रोल पंप में डेढ़ सौ रुपए का पेट्रोल लिया लेकिन इस पेट्रोल पंप में उन्हें पेट्रोल क्रम दिया गया है बताया जाता है कि केवल 20 रुपए कीमत का उन्हें पेट्रोल दिया गया है आगे जाकर उनकी बाइक बंद हो गई है जिस पर उन्होंने भारत पैट्रोलियम अझुवा के खिलाफ सैनी कोतवाल को तहरीर देकर धोखाधड़ी फ्राड ठगी का मुकदमा पेट्रोल पंप संचालक पर दर्ज किए जाने की मांग की है यह अकेला पेट्रोल पंप नहीं है जिले के लगभग अधिकतर पेट्रोल पंप में नाप के समय डीजल पेट्रोल कम दिया जा रहा है आम जनमानस के साथ अधिकारी और नेता के वाहनों में भी पेट्रोल भरवाने के समय नाप कम दिया जाता है जिससे नेता अधिकारी भी पेट्रोल पंप में लूटे जा रहे हैं लेकिन शिकायत के बाद योगी सरकार और उनके अधिकारी पेट्रोल पंप की जांच कर पंप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने और उनको सीज करते ते नहीं दिख रहे हैं



भाजपा के बैठक में उपस्थित नेता।

## नगर पालिका चुनाव को लेकर वार्ड में भाजपा नेताओं ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** जैसे ही नगर पालिका का चुनाव नजदीक आता जा रहा है वैसे ही भाजपा नेताओं द्वारा नगर पालिका के वार्ड में तेजी से बैठक शुरू कर दी गई है प्रतिदिन भाजपा नेता मंझनपुर मुख्यालय के किसी मोहल्ले के वार्ड में नगर वासियों के साथ बैठक का भाजपा की नीतियों का प्रचार प्रसार कर भाजपा प्रत्याशियों को जीत दर्ज कराने की अपील कर रहे हैं इसी क्रम में शुक्रवार को नगर पालिका मंझनपुर के बैजनाथ चौधरी नगर वार्ड नंबर 3 रामलीला चबूतरे पर भाजपा नेताओं ने बैठक आयोजित की बैठक में चुनाव संयोजक दिनेश पांडेय ने कहा कि पार्टी जिसे प्रत्याशी घोषित करेगी पूरे समर्थक और आम जनता उसे भारी बहुमत से जीत दर्ज कराएंगे इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेमचंद चौधरी आशीष कुमार केसरवानी उर्फ बच्चा दीपक जयसवाल दुर्गेश गुप्ता एडवोकेट शिवेंद्र कुमार उर्फ रिंकू केसरवानी सभासद अमरेश कुमार उर्फ कल्लू पंडा सुशील कुमार केसरवानी चट्ठू महेश लोधी अमित सिंह अनिलेश कुमार उर्फ गोलू रामकृष्ण केसरवानी सुमित केसरवानी अतिन केसरवानी जतिन केसरवानी सहित बैठक में तमाम लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए हैं

# आरपीएफ पुलिस के पहुंचने पर रेलवे फाटक का खत्म हुआ जाम

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका भरवारी के रेलवे फाटक के पास प्रतिदिन जाम की समस्या से स्थानीय लोग जूझते हैं रेलवे फाटक घंटो बंद रहता है जिससे फाटक के दोनों और लंबा जाम लग जाता है और जाम के चलते आम जनता मुसीबत झेलती है शुक्रवार को फिर भरवारी रेलवे स्टेशन के रेलवे फाटक पर भीषण जाम लग गया फाटक के दोनों ओर सैकड़ों वाहन जाम में फस गए फाटक खुलने के बाद भी वाहन चालकों को निकलने में दिक्कतें हो रही थी जिस पर आरपीएफ के जवान रेलबे फाटक के पास पहुंचे और कड़ी मेहनत करने के बाद उन्होंने जाम को हटवाया है रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम का स्थाई समाधान रेलवे और नगरपालिका मिलकर नहीं निकाल रहे हैं जिसका खामियाजा आम जनमानस को भुगतना पड़ता है।



रेलवे फाटक से जाम हटवाती रेलवे पुलिस।

## खड़े रोलर से बैटरी चोरी

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य कराया जा रहा है ठेकेदार ने पूरे दिन निर्माण कार्य करने के बाद रोलर को घूरी गांव में कोटेदार के घर के पास खड़ा कर दिया रोलर खड़ा करने के बाद चालक वहां से चला गया जब 08 नवम्बर को चालक मौके पर आया तो देखा कि रोलर की बैटरी रोलर से गायब हो गई है उसने आशंका जताई है कि रोलर की बैटरी चोरी हो गयी है जिससे रोलर स्टार्ट नहीं हो रहा है खड़े रोलर से बैटरी चोरी होने की जानकारी चालक ने अपने ठेकेदार को दी है मामले की सूचना रोलर चालक मुन्ना सरोज ने चौकी पुलिस बरियावा को दी है

# पंचायत भवन से निकली लाखों की ईट उठा ले गए पूर्व प्रधान के भाई

## उप जिलाधिकारी सिराथू से वर्तमान ग्राम प्रधान कमला देवी ने किया शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सैनी में पंचायत भवन को नेशनल हाईवे ने चौड़ीकरण के चलते तोड़ दिया है जिससे पंचायत भवन के पूर्व में निर्माण में लगी लगभग 15 हजार ईट वर्तमान प्रधान कमला देवी ने सुरक्षित कर रखवा दिया था।

वर्तमान ग्राम प्रधान इस उम्मीद में थी कि शेष पंचायत भवन के टूटने पर एकत्रित होने वाली ईट को वह नीलामी कर राजस्व के खाते में धनराशि जमा कर राजस्व बढ़ाएगी लेकिन पूर्व ग्राम प्रधान के भाई पंचायत भवन की 15,000 ईट उठा ले गए हैं इतना ही नहीं सरकारी पंचायत भवन की 15 हजार ईट ले जाने के बाद पूर्व ग्राम प्रधान के भाई ने अपने मकान के निर्माण में लगा दिया है जिससे सरकार को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है पूर्व ग्राम प्रधान के भाई द्वारा ईट उठा ले जाने के मामले की शिकायत वर्तमान ग्राम प्रधान सैनी ने उप जिलाधिकारी सिराथू को शिकायती पत्र देकर ईट ले जाने वाले पूर्व ग्राम प्रधान सैनी के भाई पर कार्रवाई की मांग की है

# ओवरलोड की समस्या का समाधान न हुआ तो होगा आंदोलन:अजय सोनी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी** समर्थ किसान पार्टी ने जिले भर में चल रही ओवरलोड की समस्या को लेकर जिला प्रशासन द्वारा समुचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है अन्यथा जिला मुख्यालय मंझनपुर में आंदोलन करने की बात कही है। पार्टी नेता अजय सोनी ने इस संबंध में परिवहन विभाग, खनन विभाग, पुलिस प्रशासन समेत जिला प्रशासन से ओवरलोड की समस्या के समाधान के लिए समुचित कार्यवाही की मांग की है नही तो ओवरलोड की समस्या को लेकर आंदोलन करने की बात कही है। अजय सोनी ने इस संबंध में बताया कि समूचे जनपद में बालू ढुलाई में ओवरलोड से सड़कें असमय जर्जर हो रही हैं और सड़क दुर्घटनाओं में लोग घायल हो रहे हैं। इतना ही नही बल्कि ओवरलोड के चलते कई बार लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। अजय सोनी के मुताबिक पुलिस प्रशासन और परिवहन विभाग के जिम्मेदारों की मिलीभगत से जिले की कई सड़को से प्रतिदिन सैकड़ों ओवरलोड वाहन गुजरते हैं और उनपर कोई कार्यवाही नही होती। जबकि कई बार इस मामले में वीडियो भी वायरल हो चुका है।

अभी हाल ही में उदहिन के पास नारा मोड़ पर टैंकर और ओवरलोड ट्रक की टक्कर में टैंकर चालक घायल हुआ था और टैंकर एवं ट्रक के परखच्चे उड़ गए थे। साथ ही घण्टे भर से ज्यादा जाम लगने से आवागमन ठप्प रहा था लोग परेशान थे। अजय सोनी के मुताबिक जिले की कई सड़को का यही हाल है और लोग बालू लदे ओवरलोड वाहन के चलते घायल और मर रहे हैं। साथ ही साथ सड़कें तय समय से पहले जर्जर हो रही हैं और संबंधित विभाग एवं प्रशासन खामोश है। अजय सोनी ने इस संबंध में जल्द ही ठोस कार्यवाही न होने पर जिला मुख्यालय मंझनपुर में धरना प्रदर्शन करने एवं प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजने की बात कही है

संपादकीय

# डॉक्टरी को ठगी का धंधा न बनाएँ

**कर्नाटक** और गुजरात के मेडिकल कॉलेजों ने गजब कर दिया है। उन्होंने अपने छात्रों की फीस बढ़ा कर लगभग दो लाख रु. प्रति मास कर दी है। यानी हर छात्र-छात्रा को डॉक्टर बनने के लिए लगभग 25 लाख रु. हर साल जमा करवाने पड़ेंगे। यदि डॉक्टरी की पढ़ाई पांच साल की है तो उन्हें सवा करोड़ रु. भरने पड़ेंगे। आप ही बताइए कि देश में कितने लोग ऐसे हैं, जो सवा करोड़ रु. खर्च कर सकते हैं? लेकिन चाहे जो हो, उन्हें बच्चों को डॉक्टर तो बनाना ही है। तो वे क्या करेंगे? बैंकों, निजी संस्थाओं, सेठों और अपने रिश्तेदारों से कर्ज लेंगे, उसका ब्याज भी भरेंगे और बच्चों को किसी तरह डॉक्टर की डिग्री दिला देंगे। फिर वे अपना कर्ज कैसे उतारेंगे? या तो वे कई गैर-कानूनी हथकंडों का सहारा लेंगे या उनका सबसे सादा तरीका यह होगा कि वे अपने डॉक्टर बने बच्चों से कहेंगे कि तुम मरीजों को ठगो। उनका खून चूसो और कर्ज चुकाओ। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए आजकल निजी अस्पतालों में जबर्दस्त लूटपाट मची हुई है। उनके कमरे पांच सितारा होटलों के कमरों से भी ज्यादा सजे-धजे होते हैं। किसी मरीज की एक बीमारी के कारण का पता करने के लिए डॉक्टर लोग दर्जनों टेस्ट करवा देते हैं। और फिर दवाइयां भी ऐसी बता देते हैं, जिससे रोगी का रोग द्रौपदी का चीर बन जाए ताकि उससे मोटी राशि वसूली जा सके। हमारे डॉक्टर अपना धंधा शुरू करने के पहले यूनानी दार्शनिक के नाम से चली ह्यहिप्पोक्रेटिक शपथह्न लेते हैं, जिसमें आदर्श और नैतिक आचरण की ढेरों प्रतिज्ञाएं हैं। क्या वे उनका पालन सच्चे मन से कभी करते हैं? उनके उल्लंघन से ही उनका पालन ज्यादातर डॉक्टर करते हैं। उन डॉक्टरों की पढ़ाई की यह लाखों रु. फीस इस उल्लंघन का सबसे पहला कारण है। हमारे सर्वोच्च न्यायालय ने इस पर घोर आपत्ति की है। उसने एक याचिका पर अपना फैसला देते हुए कहा है कि जिन कॉलेजों ने अपनी फीस में कई गुना वृद्धि कर दी है, यह शुद्ध लालच का प्रमाण है। यह कॉलेज के प्रवेश और फीस-निर्णायक नियमों का सरासर उल्लंघन है। इस तरह की फीस के दम पर बने डॉक्टरों से सेवा की उम्मीद करना निरर्थक है। इसका एक गंभीर दुष्परिणाम यह भी होगा कि गरीब, ग्रामीण और मेहनतकश तबकों के बच्चे डॉक्टरी शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। वे इतनी मोटी फीस कैसे भरेंगे? नतीजा यह होगा कि हमारे डॉक्टरों में ज्यादा वही होंगे, जिनके माता-पिता मालदार होंगे।

## शर्तों वाली भक्ति

**डॉ. रीना रवि मालपानी**

**राघव** और माधव जब छोटे थे तभी से आध्यात्मिक मार्ग की ओर अग्रसर थे। यह सब कुछ अनायास नहीं आया। यह राघव और माधव के पारिवारिक माहौल का असर था। शाम के समय सभी लोग दस मिनट ही सही साथ में भगवान का स्मरण जरूर करते थे। हर समय अपने प्रत्येक कार्य को ईश्वर को ही समर्पित कर देते थे। अपनी हर समस्या को हल करने के लिए ईश्वर पर ही आस्था रखते थे। ईश्वर के प्रति उनका विश्वास अनूठा था। ईश्वर की कहानी और भक्तों के चरित्र के द्वारा ही माँ बच्चों को नवीन शिक्षा दिया करती थी। इसलिए बच्चों में एकाग्रता बहुत अच्छी थी क्योंकि वे मंत्रों का उच्चारण भी करते थे। ईश्वर के अस्तित्व में विश्वास भी बहुत करते थे। आध्यात्मिक यात्रा की ओर पूरा परिवार अग्रसर था। एक दिन राघव ने माँ से प्रश्न किया कि यदि हम भगवान की पूजा, प्रार्थना करेंगे तो क्या भगवान हमारी सारी इच्छाएँ पूरी कर देंगे। हम जो माँगेंगे वह हमें मिल जाएगा, तब माँ ने समझाया कि भक्ति किसी शर्त पर नहीं करनी चाहिए। भक्ति निष्काम भाव से करनी चाहिए। तुम्हें इतना अच्छा शरीर, घर-परिवार और सुख भगवान ने बिना किसी शर्त के दिया है। तुम हर चीज अपनी इच्छा के अनुरूप कर सकते हो। खाना-पीना, घूमना-फिरना, मनोरंजन, क्रियाकलाप, ईश्वरीय आराधना यह सब ईश्वर की ही कृपा है। हमेशा याद रखना भगवान को किसी भी बंधन में मत बाँधना। उन्हें कुछ क्षण के लिए ही सही परंतु हृदय से पुकारो और स्मरण करो। वे जगत के माता-पिता है। तुम्हारी बात तो वे तुम्हारे बिना बोले ही समझ जाएँगे। प्रभु को अपना समझकर याद करो और हर कार्य उन पर छोड़ दो। ईश्वर में दृढ़ विश्वास रखो। हमेशा अच्छी सोच और अच्छे विचारों से खुद को सम्पन्न बनाओ। ईश्वर ने मनुष्ययोनि में हमेशा संघर्ष किया और धर्म के लिए नए कीर्तिमान स्थापित किए। प्रभु ने दुनिया को धैर्य का पाठ सिखाया। गलतियाँ भगवान ने भी की और उनमें संशोधन भी किया।

रिश्तों के अनेक उदाहरण भगवान ने मनुष्ययोनि में भक्तों के लिए रखे। सत्य के लिए, अपनों का भी विरोध किया और सत्य की लड़ाई में स्वयं ने भी अनेकों चुनौतियाँ स्वीकार की। भक्ति कभी भी किसी शर्त पर मत करो, क्योंकि अगर तुम शर्त रखोगे कि मेरी यह मनोकामना पूरी होगी तब यह पूजा करूंगा यह पाठ करूंगा। जो भी करो भगवान के प्रति प्रेम और पूर्ण विश्वास से करो।

इस लघुकथा से यह शिक्षा मिलती है कि बच्चों को शर्तों पर जीने की आदत मत डालिए। न ही उन्हें किसी शर्त पर भक्ति या आध्यात्मिकता से जोड़ें। यदि वे जीवन को शर्तों पर जिएंगे तो जीवन में शांति और सुकून हासिल नहीं कर पाएंगे। हर परिवर्तन को समय के अनुरूप स्वीकार कर आगे बढ़ना ही हमारे लिए सही है। भक्ति तो हमें ईश्वर के अस्तित्व और चीजों के होनें में विश्वास और दृढ़ता प्रदान करती है। आध्यात्मिक मार्ग की ओर बढ़ते वक्त केवल हृदय में प्रेम होना चाहिए न कि इच्छित फल प्राप्ति की अभिलाषा।

# राज्यपाल एवं चुनी हुई सरकारों का विवाद कब तक?

**ललित गर्ग**




**संवैधानिक** पद पर विराजित राज्यपाल एवं चुनी हुई सरकारों के बीच द्वंद एवं टकराव की स्थितियां अनेक बार उभरती रही है। राजनीति के उलझे धागों के कारण ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियां देखने को मिलती है। गैर-भाजपा शासित राज्यों में सरकारों और राज्यपालों के बीच इस तरह का टकराव एक सामान्य बात हो गयी है, लेकिन यह टकराव न केवल लोकतंत्र के लिये बल्कि शासन-व्यवस्थाओं पर एक बदनुमा दाग की तरह है। बहुत समय से सरकारें राज्यपाल पर तो राज्यपाल सरकारों पर आरोप लगाते रहे हैं कि वे एक दूसरे के कामकाज में रोड़े अटका रहे हैं। इनदिनों तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में ऐसी स्थितियां बढ़-चढ़कर देखने को मिली है। इन सभी राज्यों में गैर-भाजपा सरकार है और एक बात कॉमन है वो बात है राज्य सरकार का राज्यपाल के साथ विवाद। बीते कुछ समय से इन पांचों राज्यों में राज्यपाल बनाम राज्य सरकार का वाक-युद्ध भी देखने को मिल रहा है। सभी राज्यों में सरकारों और राज्यपालों के बीच बयानबाजी चलती रहती है। हाल ही में गैर-भाजपा शासित तीन दक्षिणी राज्यों में राज्यपालों और सत्तारूढ़ सरकार के बीच टकराव काफी उग्र हो.गया, जो एक बड़ा संकट बन कर स्थितियों को असामान्य बना रहा है। देश के सामने अनेक समस्याएं हैं, उनसे मुक्ति की बजाय इस तरह की समस्याएं उभरना राजनीति के दूषित होने की निष्पत्तियां हैं। ताजा उग्र विवाद केरल में देखने को मिला, जहां राज्यपाल अपने अधिकार का उपयोग करना चाहते हैं, तो राज्य सरकारें अपने निर्वाचित होने का हवाला दे रही हैं। केरल में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कुछ दिनों पहले दस विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से इस्तीफा मांग लिया। उनका कहना था कि उनकी नियुक्ति में तय नियम-कायदों का पालन नहीं किया गया। अब राज्य सरकार ने राज्यपाल का विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति का दर्जा समाप्त करने का अध्यादेश पारित कर दिया है। मगर अपने-अपने अधिकारों को लेकर धमासान जंग छिड़ी हुई है। राज्यपाल और प्रदेश की वाम मोर्चा सरकार के रिश्तों में पिछले कुछ समय से देखे जा रहे तनाव के मद्देनजर इस कदम को आश्चर्यजनक नहीं माना जा रहा है। हालांकि सरकार कह रही है कि इस फैसले का राज्यपाल के हालिया कदमों से कोई लेना देना नहीं है। इसे लेकर राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच ठन गई। बाद में उच्च न्यायालय ने राज्यपाल के आदेश पर रोक लगा दी। सबसे बड़ी बात यह है कि केरल एकमात्र ऐसा राज्य नहीं है, जिसमें राज्य की निर्वाचित सरकार और केंद्र द्वारा नियुक्त संवैधानिक प्रमुख में टकराव की स्थिति बनी हुई है। दिल्ली में भी ऐसे टकरावपूर्ण हालात लंबे समय से बने हुए हैं, दिल्ली में भी गैर-भाजपा सरकार है। यहां उप-राज्यपाल तो बदल रहे हैं, लेकिन सरकार के साथ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। नजीब जंग के बाद अब केजरीवाल का विवाद वीके सक्सेना के साथ है। अरविंद केजरीवाल का आरोप है कि उप-राज्यपाल उनकी सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की स्वीकृति में रोड़ा अटका रहे हैं तो वहीं उप-राज्यपाल का कहना है कि सरकार जनता के हित में काम नहीं कर रही है। उप-राज्यपाल इसको लेकर कई लेटर भी लिख चुके हैं। वे ये भी कह चुके हैं कि मुख्यमंत्री की तरह ही बाकी मंत्री भी उनकी बात नहीं सुनते हैं। अब हालात यह हैं कि उप-राज्यपाल ने दिल्ली सरकार की कई योजनाओं के लिए जांच समितियों का गठन कर दिया है। दिल्ली में उपराज्यपाल और सरकार के बीच तनातनी का दौर बहुत लंबे समय से चलता आ रहा है। यहां आम आदमी पार्टी सरकार का लगभग सभी उपराज्यपालों से तकरार बनी रही। शुरू में दोनों के बीच अधिकारों की लड़ाई उच्च न्यायालय तक भी पहुंची थी। यहां इस तथ्य से अवगत हो कि दिल्ली को चूंकि पूर्ण राज्य का दर्जा हासिल नहीं है, इसलिए इसकी तुलना अन्य राज्यों से नहीं की जा सकती। मगर तमिलनाडु और तेलंगाना जैसे राज्यों में ऐसी कोई दलील नहीं दी जा सकती। तमिलनाडु में दोनों के बीच कड़वाहट इस हद तक बढ़ गई कि राज्य की स्टालिन सरकार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सार्वजनिक तौर पर अपील की कि वह राज्यपाल आरएन रवि को पद से बर्खास्त कर दें। इसी तरह तेलंगाना में राज्यपाल टी सुंदरराजन ने सार्वजनिक तौर पर संदेह जाहिर किया कि उनका फोन टैप किया जा रहा है। किसी भी राज्य में राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद की अवमानना से जुड़े इस तरह के विवाद दुर्भाग्यपूर्ण हैं। इस तरह की विडम्बनापूर्ण स्थितियों का समाधान निकाला जाना अपेक्षित है। राज्यपाल के पद की गरिमा एवं सम्मान को अक्षुण्ण रखा जाना भी जरूरी है। निश्चित ही सरकारों की मनमानी एवं अलोकतांत्रिक प्रक्रियों पर नियंत्रण के लिये जब-जब राज्यपाल के द्वारा प्रयास हुए उन्हें राजनीतिक रंग देने की कोशिशें हुई। पश्चिम बंगाल में भी कुछ दिनों पहले तक राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच इसी तरह लगातार टकराव बना रहा। राज्यपाल ने सरकार के गैर-संवैधानिक कामकाज और फैसलों पर अंगुली उठाई तो सरकार उन्हें चुनौती देती रही। तत्कालीन राज्यपाल जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच संबंध कुछ अच्छे नहीं थे। दोनों ही एक दूसरे की सार्वजनिक रूप से आलोचना कर चुके हैं। ये विवाद कोरोना महामारी के दौर व्यापक स्तर पर देखने को मिले। झारखंड और राजस्थान में भी अलग-अलग मौकों पर कुछ मसलों पर इस तरह के टकराव देखे जाते रहे हैं। इस तरह विपक्षी दलों को यह कहने का मौका मिलता है कि जहां भी विपक्षी दलों की सरकारें हैं, वहां राज्यपाल उनके कामकाज में बेवजह दखल देने का प्रयास करते देखे जाते हैं, जबकि भाजपा सरकारों वाले प्रदेशों में ऐसी स्थिति नहीं है। क्या इस तरह की स्थितियां आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह को नहीं दशार्ती? क्या राज्यपाल इस तरह की मनमानी एवं अनहोनी होते हुए देखते रहे? राज्यपाल पद की गरिमा और मयार्दा को लेकर सवाल उठाने वालों की मंशा पर भी ध्यान देना होगा। पर राज्यपाल से भी अपेक्षा की जाती है कि वे अपने को केंद्र के सत्तारूढ़ दल का प्रतिनिधि मान कर उसकी विचारधारा के अनुरूप राज्य सरकार से काम करवाने का प्रयास करने के बजाय राज्यपाल की गरिमा के अनुरूप काम करें।

> देश की एकता एवं अखंडता को बरकरार रखने के लिये प्रत्येक राज्य में संविधान के संरक्षक राष्ट्रपति के प्रतिनिधि के रूप में राज्यपाल की आवश्यकता होती है। यह पद सजावटी न होकर विशेषाधिकारों से लैस होता है। हालांकि केंद्र द्वारा राज्यपालों को अपने नुमाइंदे के तौर पर नियुक्त करने की प्रवृत्ति पुरानी है

देश की एकता एवं अखंडता को बरकरार रखने के लिये प्रत्येक राज्य में संविधान के संरक्षक राष्ट्रपति के प्रतिनिधि के रूप में राज्यपाल की आवश्यकता होती है। यह पद सजावटी न होकर विशेषाधिकारों से लैस होता है। हालांकि केंद्र द्वारा राज्यपालों को अपने नुमाइंदे के तौर पर नियुक्त करने की प्रवृत्ति पुरानी है, पर राज्य सरकारों के साथ इन टकरावों को देखते हुए एक बार फिर से राज्यपाल की नियुक्ति पर नए सिरे से विचार की जरूरत रेखांकित हुई है। फिर सवाल उठता है कि आखिर सक्रिय राजनीति में रह चुके लोगों को इस पद का दायित्व सौंपा ही क्यों जाना चाहिए। यह ठीक है कि राज्य सरकारें निर्वाचित होती हैं, उन्हें जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए काम करने का अधिक अधिकार होता है और राज्यपाल को उनके कामकाज को सुगम बनाने के लिए बेहतर स्थितियां बनाने का दायित्व निभाना होता है। मगर इसका यह अर्थ नहीं कि सरकारें राज्यपाल को केंद्र का ह्यआदमीह्न मान कर नजरअंदाज करें या उनकी अवहेलना करें। ताजा विवादों के बीच राज्यपाल-व्यवस्था को समाप्त करने का प्रश्न फिर से खड़ा हुआ है, इस विचार एवं सुझाव पर भी मंथन किया जाना चाहिए। सरकार एवं राज्यपाल के टकराव का खामियाजा आखिर आम जनता कब तक भुगतने को विवश होती रहे?

# मोटा अनाज पोषण तत्वों की दृष्टि से गुणों की खान

**किशन भावनानी**



**वैश्विक** स्तरपर यह बात एकमत सर्वमान्य है कि भारतीय बौद्धिक क्षमता की कुशलता का जवाब नहीं है जिस तरहसे पिछले कुछ वर्षों से वैश्विक स्तरपर हम उपलब्धियों और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रतिष्ठा के झंडे गाड़ रहे हैं, उसको देखते हुए मेरा मानना है कि इसके पूर्व हमने इस तरह की उपलब्धियां देखें सुने नहीं हैं, क्योंकि जिस तरह योजनाएं बनाकर लागू हो रही है और सफलताओं के झंडे गाड़ रही है, उसके पीछे उसे क्रियान्वयन करने की रणनीति होती है। मेरा मानना है कि अगर हम योजनाएं बना रहे हैं तो उसे क्रियान्वयन करने या अमल में लाने की पूरी पुख्ता तैयारी करना जरूरी होता है ताकि उसे उचित रणनीति से क्रियान्वयन किया जा सके। सिर्फ योजनाएं बनाने से नहीं बल्कि उनके सफल क्रियान्वयन से ही अपेक्षित परिणाम प्राप्त होते हैं, जिसके लिए कुशल नेतृत्व का होना अत्यंत आवश्यक है। चूंकि आज 10 नवंबर 2022 को केंद्र सरकार एक कार्य योजना लागू करने जा रही है इसलिए आज हम, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी और पीआईबी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 का आगाज - 5 दिसंबर 2022 को प्रीलॉन्च। साथियों बात अगर हम केंद्र सरकार की 5 दिसंबर 2022 से लागू योजना की करें तो, मोटे अनाज के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक कार्य योजना तैयार की है। सरकार ने दुनिया भर में मोटे अनाज के निर्यात और प्रचार के लिए 16 अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एक्सपो और क्रेता-विक्रेता सम्मेलन में निर्यातकों, किसानों और व्यापारियों की भागीदारी के लिए यह योजना बनाई है। कार्य योजना के अनुसार विदेशों में भारतीय दूतावासों को अनाज की ब्रांडिग और प्रचार की जिम्मेदारी दी है। इसमें संभावित खरीददारों जैसे डिपार्टमेंटल स्टोर्स, सुपर मार्केट्स और हाइपर मार्केट्स की पहचान करना जिससे व्यापारिक बैठकें और समझौते किये जा सकें। भारतीय मोटे अनाज को बढ़ावा देने के हिस्से के रूप में, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण ने विभिन्न वैश्विक प्लेटफार्मों पर मोटे अनाज और इसके मूल्यवर्धित उत्पादों को प्रदर्शित करने की योजना बनाई है। संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में घोषित किया है। भारत मोटे अनाज का प्रमुख उत्पादक है। वैश्विक उत्पादन में भारत की लगभग 41 प्रतिशत की अनुमानित हिस्सेदारी है। देश में 2021-22 में मोटे अनाज के उत्पादन में 27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। देश में राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और मध्य प्रदेश शीर्ष पांच मोटे अनाज के उत्पादक हैं। अनुमान है कि मोटे अनाज का बाजार 9 अरब डॉलर से बढ़कर 2025 तक 12 अरब डॉलर हो जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 का प्री-लॉन्च 05 दिसम्बर 2022 को होगा। इसमें एफपीओ जैसे सप्लाई चैन के हितधारक, स्टार्टअप्स, निर्यातक, मोटे अनाज आधारित मूल्यवर्धित उत्पादों के उत्पादकों को शामिल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त भारतीय मोटे अनाजों को प्रोत्साहित करने के लिए इंडोनेशिया, जापान, ब्रिटेन आदि देशों में क्रेता-विक्रेता बैठकें आयोजित की जाएंगी। सरकार रेडी टू ईट (आरटीई) तथा रेडी टू सर्व (आरटीएस) श्रेणी में नूडल्स, पास्ता, ब्रेकफास्ट सीरियल्स मिक्स, बिस्कुट, कुकीज, स्नैक्स, मिठाई जैसे मूल्य वर्धित उत्पादों के निर्यात प्रोत्साहन के लिए स्टार्टअप को भी सक्रिय कर रही है।16 प्रमुख किस्म के मोटे अनाजों का उत्पादन होता हैं और उनका निर्यात किया जाता है। इनमें ज्वार, बाजरा, रागी, कंगनी, चीना, कोदो, सवा/सांवा/झंगोरा, कुटकी, कुट्टू, चौलाई और ब्राउन टॉप मिलेट हैं। सरकार रेडी टू ईट (आरटीई) तथा रेडी टू सर्व (आरटीएस) श्रेणी में नूडल्स, पास्ता, ब्रेकफास्ट सीरियल्स मिक्स, बिस्कुट, कुकीज, स्नैक्स, मिठाई जैसे मूल्य वर्धित उत्पादों के निर्यात प्रोत्साहन के लिए स्टार्टअप को भी सक्रिय कर रही है।एपीईडीए ने दक्षिण अफ्रीका, दुबई, जापान, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, सऊदी अरब, सिडनी, बेल्जियम, जर्मनी, ब्रिटेन तथा अमेरिका में मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के कार्यक्रम बनाए हैं। एपीईडीए इसके लिए कुछ महत्वपूर्ण फूडशो, क्रेता-विक्रेता बैठकों और रोड शो में भारत के विभिन्न हितधारकों की भागीदारी में सहायता करेगा। साथियों बात अगर हम 28 अगस्त 2022 को पीएम के मन की बात में मोटे अनाज के उल्लेख की करें तो, उसमे मोटे अनाज की पौष्टिकता पर चर्चा की थी। उन्होंने कहा था कि भारत में आदि काल से ही मोटे अनाज की खेती होती रही है और वह हमारे भोजन का अहम हिस्सा रहे हैं। स्वयं अपना अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि मैं पिछले कई वर्षों से विदेशी मेहमानों के भोजन में मोटे अनाजों से बने कुछ पकवान अवश्य रखता हूं और उनका महत्व भी बताता हूं। मोटे अनाज को महत्व दिलाने के लिए उनकी सरकार ने वर्ष 2018 को मोटा अनाज वर्ष घोषित किया था। अब भारत के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र ने अगले वर्ष अर्थात 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। जिसे 70 देशों ने समर्थन दिया है। राशन प्रणाली के तहत मोटे अनाजों के वितरण पर जोर दिया जा रहा है आंगनबाड़ी और मध्याह्न भोजन योजना में भी मोटे अनाजों को शामिल कर लिया गया है। मोटे अनाजों में मुख्य रूप से बाजरा, मक्का, ज्वार, रागी, सांवा, कोदो, कंगनी, कुटकी और जौ शामिल हैं। ये हर दृष्टि से सेहत के लिए लाभदायक हैं। पिछली सदी के सातवें दशक में हरित क्रांति के नाम पर गेहूं व धान को प्राथमिकता देने से मोटे अनाज उपेक्षित हो गए। इसके बावजूद पशुओं के चारे तथा औद्योगिक इस्तेमाल बढ़ने के कारण इनका महत्व बना रहा।

# विपरीत परिस्थितियाँ अक्सर नई दिशा की ओर धकेलती हैं

**प्रियंका सौरभ**

**प्रतिकूलता** को एक प्रतिकूल भाग्य, घटना या भाग्य के रूप में परिभाषित किया जा सकता है; दुर्भाग्य, विपत्ति या संकट द्वारा चिह्नित एक स्थिति। यह अवश्यंभावी है कि हमारे जीवनकाल में, हम विपरीत परिस्थितियों और परिस्थितियों से गुजरेंगे, और इन परिस्थितियों को अनुग्रह और गरिमा के साथ गले लगाना सीखना हमारी व्यक्तिगत यात्राओं के लिए फायदेमंद हो सकता है। चरित्र की समृद्ध जड़ें तब विकसित की जा सकती हैं जब जीवन में आने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों को गले लगाना सीखता है, जब कोई यह पूछना सीखता है कि उनके दुर्भाग्य से कौन से सबक प्राप्त किए जा सकते हैं और हर प्रतिकूलता का एक अलग और अनूठा सबक होता है जिसे केवल तभी सीखा जा सकता है जब विपत्ति को गले लगाया जाए। अगर हमें कठिन परिस्थितियों से गुजरनी पड़ती है तो सबसे तो पहले हमें उस समय अपना धैर्य नहीं खोना चाहिए और हमें किसी भी कार्य को हिम्मत से काम लेना चाहिए। अगर आप कोई भी कार्य को धैर्य के साथ करते हैं तो वह कार्य हमेशा सफल होता है चाहे वह कितनी भी कठिनाई क्यों ना हो धैर्य और हिम्मत से किसी भी कार्य को किया जा सकता है कठिन से भी कठिन परिस्थितियों को भी हराया जा सकता है इसीलिए अगर आप किसी भी समस्या परिस्थिति में जूझ रहे हो तो हमें अपना धैर्य नहीं खोना चाहिए हमें उन परिस्थितियों का मिलकर सामना करना चाहिए। लोगों के असली रंग-असली दोस्त की सतह को देखने में सक्षम है। यद्यपि प्रतिकूल परिस्थितियां दर्दनाक और कठिन हो सकती हैं, उन्हें भेष में आशीर्वाद के रूप में देखा और समझा जा सकता है, चाहे वह कितना भी स्वतंत्र क्यों न हो, आपको लोगों की आवश्यकता होगी और अक्सर सबसे प्रतिकूल समय में किसी के सच्चे दोस्त सामने आएंगे। जब विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, तो व्यक्ति इस बात से अवगत होता है कि उसके बारे में बैठने और रोने से ज्यादा समाधान नहीं होगा, परिस्थितियों के लिए एक उपाय की तलाश करना रचनात्मक हो जाता है। जीवन में कैसी भी कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़े, बिल्कुल न घबराएं। उन परिस्थितियों को चुनौती समझकर निरंतर आगे बढ़ते रहें। समस्याएं सुलझाने का प्रयास करें। धीरे-धीरे परिस्थितियां अनुकूल हो जाएंगी। जो लोग चुनौतियों का सामना करते हैं, वही जीवन में सफल होकर समाज के समक्ष लीडर बनकर सामने आते हैं। प्रतिकूलता अच्छे भाग्य से बेहतर शिक्षक है। सबसे बड़ी विपत्ति के तहत, अपने लिए और दूसरों के लिए - अच्छा करने की सबसे बड़ी क्षमता मौजूद है। विपरीत परिस्थितियाँ अक्सर हमें नई दिशा की ओर धकेलती हैं। विपत्ति का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह हमें हमारी शालीनता से हिला देती है। यह हमारे सामने बड़ी चुनौतियां लाता है और सिखाता है कि उनसे कैसे निपटना है। यह एक 'वेक-अप कॉल' देता है। तो, हर प्रतिकूलता एक अवसर है न कि अभिशाप या सजा। प्रतिकूलता तेज हवा की तरह है। यह हम सब से आंसू बहाता है, लेकिन जो चीजें फाड़ी नहीं जा सकतीं, हम खुद को वैसे ही देखते हैं जैसे हम वास्तव में हैं। महान लोग विपत्ति को एक अवसर के रूप में देखते हैं, और वे जानते हैं कि वे कुछ सीख सकते हैं। वे कठिनाई का पीछा करते हैं और इसे ठीक करने के लिए अंतहीन काम करते हैं। वे हार नहीं मानते हैं और वे अपने और दूसरों के लिए कठिन समय में सबसे बड़ी क्षमता पैदा करते हैं। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान गांधी जी ने उदाहरण पेश किया। उन्होंने गिरफ्तारी का साहस किया और कई बार भूख से मर गए, बस यह सुनिश्चित करने के लिए कि लोगों का मनोबल न गिरे और उन्हें तब भी प्रेरित रखा जाए जब अंग्रेज असंतोष और विरोध करने वाले लोगों को बेरहमी से दबा रहे थे। यह नमक सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन की सफलता की कुंजी थी। उन्होंने न केवल विपरीत परिस्थितियों का सामना किया, बल्कि इस समय में उनके कार्य भारत के संघर्ष के क्षणों को परिभाषित कर रहे थे। आज हम जिस स्वतंत्रता का आनंद ले रहे हैं, उसका श्रेय प्रतिकूल परिस्थितियों में उसके कार्यों को दिया जा सकता है। महान लोग विपत्ति को एक अवसर के रूप में देखते हैं, और वे जानते हैं कि वे कुछ सीख सकते हैं। वे कठिनाई का पीछा करते हैं और इसे ठीक करने के लिए अंतहीन काम करते हैं। वे हार नहीं मानते हैं और वे अपने और दूसरों के लिए कठिन समय में सबसे बड़ी क्षमता पैदा करते हैं। जो लोग परिस्थितियों के आगे हार मानकर झुक जाते हैं, वे जीवन में कभी सफलता प्राप्त नहीं कर पाते। कुछ ही दिनों में वे गुमनामी में खो जाते हैं, कोई उन्हें याद नहीं करता।

## कागजी शेर, मैदान में हुए ढेर

**डॉ. सुरेश**

**इंग्लैंड** के हाथों करारी हार झेलने के बाद एक भारतीय प्रशंसक अत्यंत क्रोधित हो गया। उससे रहा नहीं गया। उसने भारतीय टीम से कहा झ्र मिल गई तसल्ली तुम्हें मैच हार के। पुराने मैचों में तुम्हारे तीसमार खाँ कारनामों के विश्लेषण करते हुए मीडिया तुम्हारी वाहवाही करेगा। कहेगा चलो कोई बात नहीं बाकी मैच तो अच्छा खेले। खाक अच्छा खेले? बंग्लादेश को हराने में नानी याद आ गयी थी। पाकिस्तान से बड़ी मुश्किल से जीते। दो-तीन लोगों के भरोसे चले थे विश्व कप जीतने! विश्व कप जीतने को दाल-भात का कौर समझे हो कि लप से उठाया और मुँह में डाल लिया। यह विश्व कप है, विश्व कप! गुजरात लॉयन या मुंबई इंडियंस में शेर दिखने वाले विश्व कप में आते-आते टांय-टांय फिस हो जाते हैं। तुम्हारा क्या है मोटी फीस मिलेगी, विज्ञापनों पर विज्ञापन करोगे और यह सब भूल जाओगे। जो होगा सो हमारा होगा। सारे काम धंधे छोड़कर, छुट्टी लगाकर, तुम्हारे बताए ड्रीम एलेवन में सट्टा खेलकर खुद को बर्बाद किया है। देखो किस तरह से हमारा कलेजा बाहर आ गया है। तुम लोगों को लगता होगा कि यह तो इन लोगों का रोज का राजकाज है, इसलिए हमें अनदेखा कर फिर से विज्ञापन चाटने चले जाओगे। हमारे बारे में थोड़ा बहुत सोचोगे। खाना खाओगे सो जाओगे। प्रशंसक दो मिनट के लिए चुप बैठता है और फिर कहता है - तुम्हारी ये सेमी-फाइनल, फाइनल में हारने की आदत न जाने कितने कमजोर दिलवालों की जान लेकर ही छोड़ेगी। एक दिन इस देश में क्रिकेट के प्रशंसकों की मौत का तमाशा तुम इसी तरह हारते हुए देखोगे कुछ नहीं कहना मुझे तुम्हे कुछ नहीं` तुम्हारी खेल में कोई फर्क पड़ने वाला नहीं। आईपीएल खेलने और विज्ञापन करने की आदत पड़ी है तुमको खेल से ज्यादा स्वयं के स्वार्थ साधने की आदत पड़ी हैं` पहले एशिया कप हारे।

# हादसा होने पर घायल को तत्काल पहुंचायें अस्पताल: टीएसआई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देशन में सीओ यातायात शिवप्रकाश सोनकर एवं यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने पुरानी कोतवाली परिसर में ई-रिक्शा व टैम्पो चालकों के साथ यातायात जागरूकता गोष्ठी की।



शुक्रवार को गोष्ठी में यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने वाहन चालकों से कहा कि ओवरलोड सवारी न बैठायें। वाहनों में सवारी न लटकायें। सवारी उतारते-बैठाते समय वाहन को सडक के बाईं ओर किनारे लगायें। बीच सडक पर सवारी न बैठायें न उतारें। ओवर टेकिंग न करें। नशा करके वाहन न चलायें। सवारियों से उचित किराया लें। किसी प्रकार की छीना-झपटी न करें। वाहन चलाते समय हेलमेट व सीटबेल्ट का प्रयोग करें। वाहनों में फर्स्ट एड बाक्स होना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि यातायात नियमों एवं संकेतकों का पालन करें। सडक दुर्घटना का मुख्य कारण यातायात नियमों की जानकारी न होना व पालन न करना है। वाहन चलाते समय मोबाइल व हेडफोन का प्रयोग न करें। तेज गति से वाहन न चलायें। कहीं कोई हादसा होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। घायल को नजदीकी अस्पताल अवश्य पहुंचायें। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलायें। 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवायें। छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी। यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने नियमों के प्रति जागरूक करते हुए लोगों के बीच यातायात जागरूकता पम्पलेट बांटे। उन्होंने कहा कि 12 नवम्बर को लोक अदालत में वाहन चालकों एवं आम जनता को जागरूक कर लम्बित चालानों का निस्तारण कराने की सलाह दी। गोष्ठी में व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओम केशरवानी, भाजपा नेता पंकज अग्रवाल, व्यापार मंडल महामंत्री सुनील द्विवेदी एवं अन्य सम्भ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

# थोक उत्पादकों के खिलाफ होगी कानूनी कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद कर्वी के ईओ रामअचल कुरील ने बताया कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने सालिड वेस्ट मैनेजमेन्ट रुल्स 2016 में प्राविधान किया है कि होटल, रेस्टोरेन्ट, मैरिज हाल, अस्पताल, बस स्टेशन, मंडी आदि पचास से सौ किलोग्राम से अधिक कचरा एकत्र करते हैं, वह बल्क वेस्ट हनरेटर (थोक कचरा उत्पादक) की श्रेणी में आते हैं। ऐसे सभी संस्थानों से अपील है कि अपने परिसर के अन्दर कचरे को कम्पोस्ट बनायें।

शुक्रवार को ईओ नगर पालिका ने बताया कि जो संस्थान परिसर के अन्दर अथवा आसपास जैविक कचरा का कम्पोस्ट बनाना चाहते हैं। वह अपना विवरण सहमति पत्र के साथ नगर पालिका कर्वी में ई-मेल आईडी में उपलब्ध कराकर स्वच्छता रैंकिंग में निकाय को सर्वोच्च पायदान में लाने के प्रति सहयोग करें। उन्होंने बताया कि इस कार्य में तकनीकी सहयोग के साथ कम्पोस्ट के विक्रय में पूरा सहयोग किया जायेगा। इसका अनुपालन न करने पर थोक कचरा उत्पादकों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लड़की गायब घर की छत व जीने पर मिले खून के धब्बे

**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव।** संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिक लड़की रात में घर से हुई लापता । घर व छत पर जगह-जगह मिले खून के धब्बे पुलिस कर रही मामले की पड़ताल ।प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्नाव के थाना क्षेत्र मांखी के गांव रामनगर में रहने वाली लड़की रात में संदिग्ध हालात में गायब हो गई! सुबह जब उसकी मां ने दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाई तो घर के अंदर से कोई जवाब न मिल सका तभी पड़ोसी के छत से जाकर देखा गया तो छत और जीने पर खून बिखरा पड़ा था । घर का सामान, कपड़े भी इधर-उधर फैले पड़े थे! घर में रखे पैसे और जेवरात भी गायब मिले । लड़की के पिता ने लोगों को बताया कि वह आवारा पशुओं से फसल बचाने के लिए रात में खेत पर सोया था । बाकी बड़ा बेटा मुर्गी फार्म पर लेटा था! एक छोटी लड़की और लडकी की मां घर के बाहर सो रही थीं । केवल बड़ी लड़की ही घर के अन्दर लेटी हुई थी । पिता ने पुलिस को बताया कि 65 हजार रुपए एवं लगभग तीन लाख के जेवरात जिसमें कुछ जेवरात बड़ी बेटी के भी थे । गायब मिले है! सी ओ सफीपुर माया राय सहित फोरेंसिक टीम व डाग स्क्वायड की टीम भी मामले की छानबीन करने के साथ महत्वपूर्ण बिंदुओं की भी पड़ताल में जुटी है । अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है । कि आखिर रात में घर के अंदर हुआ क्या था । कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस द्वारा गहनता से पड़ताल वा छानबीन की जा रही है ।



## पुत्र ने पिता के सिर पर मारा डंडा पिता की हुई मौत खाना बनाने को लेकर हुआ था विवाद

**अखंड भारत संदेश**

**सफीपुर उन्नाव।** खाना बनाने को लेकर पिता पुत्र में हुआ विवाद पुत्र ने आवेश में आकर सर पर मारा डंडा हो गई मौत जानकारी के अनुसार सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ककरौरा निवासी पप्पू उम्र लगभग 50 वर्ष का बीती देर शाम को अपने बड़े पुत्र सरोज से खाना बनाने को लेकर विवाद हो गया । जिससे नाराज सरोज ने पिता के सर पर जोरदार डंडा मार दिया । परिजन घायल को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर लेकर पहुंचे जहा पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर प्रक्रियाएं पूरी करते हुए पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है! कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी पर कार्यवाही करते हुए मृतक के पुत्र को हिरासत में ले लिया गया है ।

## दिवंगत शिक्षक अवधेश द्विवेदी की पत्नी को शिक्षकों ने सौंपी सहायता राशि

**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव ।** स्वर्गीय शिक्षक की पत्नी को शिक्षकों द्वारा सौंपी गई सहायता राशि । प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में हुसैन नगर एवं वर्तमान उन्नाव शहर के बी ब्लॉक निवासी अवधेश द्विवेदी की बीमारी के चलते मृत्यु हो गयी थी । परिवार में मृतक शिक्षक की वृद्ध मां पत्नी पूर्णिमा पुत्र व पुत्री है । स्वर्गीय अवधेश द्विवेदी प्रधान शिक्षक के पद पर प्राथमिक विद्यालय अब्दुल्लापुर विकास खण्ड सफीपुर में कार्यरत थे । दुःख की इस घड़ी में विकास खण्ड सफीपुर के शिक्षकों द्वारा पचास हजार पांच सौ रुपए (50500) की सहायता राशि जमा की गयी थी । जिसको सत्य प्रकाश द्विवेदी उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ उन्नाव, राघवेन्द सिंह अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ सफीपुर, तौसिफ अली खां अध्यक्ष जुनियर शिक्षक संघ सफीपुर, सूरज गुप्ता अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक संघ सफीपुर के द्वारा पूर्णिमा द्विवेदी पत्नी स्वर्गीय अवधेश द्विवेदी को सौपी गयी । और स्वर्गीय द्विवेदी के फन्ड पेंशन आदि समस्त कार्यों के लिए परेशान न होने को कहा गया! दुख की इस समय में विकास खण्ड के समस्त शिक्षक आपके साथ है । इस अवसर पर नरेन्द्र मौर्य, आशुतोष श्रीवास्तव, देवेन्द्र कुशवाहा, अवधेश कुमार, संजय सिंह चौहान, अखिलेश कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे ।



## शादी के नाम पर झांसा: दुल्हन जेवर, भाई रुपये लेकर फरार, पुलिस गिरफ्त में दुल्हन, भाभी व मां

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** एक दुल्हन जेवर और भाई नकदी लेकर भाभी और मां समेत फरार हो गये। पुलिस ने मां और भाभी को पकडकर भाई की तलाश कर रहे हैं।

गुरुवार को मानिकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने अपनी पुत्री का विवाह महोबा जिले के चरखारी थाना क्षेत्र के गांव में तय की थी। लडकी पक्ष ने कहा कि शादी का खर्च लडके पक्ष को उठाना पडेगा। दोनों पक्षों की रजामन्दी के बाद गुरुवार को बरहा के हनुमान मन्दिर में सभी लोग शादी को पहुंच गये। दोपहर में दुल्हन के भाई ने दूल्हा पक्ष से विदाई का सामान लाने को 53 हजार रुपये लिए और अपने दोस्त के साथ सामान खरीदने के बहाने फरार हो गया। दुल्हन पक्ष के ज्यादातर लोग धीरे-धीरे खिसक गये। शादी स्थल पर केवल दुल्हन उसकी भाभी व मां बचे थे।

भाभी व मां ने कहा कि बिना सामान के लडकी को विदा नहीं करेंगे। यह तीनों भी मन्दिर से खिसक लिए। दुल्हन अपने साथ पूरा जेवर भी ले गई। दूल्हा पक्ष ने पुलिस को सूचना दी। गुरुवार को देर शाम साढे आठ बजे कोतवाली पुलिस ने जिला मुख्यालय के प्रयागराज रोड से तीनों को दबोचकर कोतवाली ले गई। दूल्हा पक्ष ने दुल्हन पर जेवर व भाई पर रुपये लेकर भागने का आरोप लगाया। कर्वी कोतवाल अवधेश मिश्रा ने बताया कि कोतवाली में पूंछताछ जारी है। दुल्हन का भाई अपने दोस्त समेत गायब है। जांचकर कार्यवाही की जायेगी।

## गम्भीरता से चुनाव लडायेगी आप

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला ने नगर पालिका व नगर पंचायत के चुनावों के संभावित उम्मीदवारों को पार्टी से जारी आवेदन फार्म मऊ नगर पंचायत में बांटे।

शुक्रवार को आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला ने बुन्देलखण्ड प्रांत महासचिव अंकित सिंह पटेल, मानिकपुर विधानसभा प्रभारी अविनाशचन्द्र त्रिपाठी, मऊ नगर पंचायत चुनाव प्रभारी संतोष त्रिपाठी व नर्मदा प्रसाद यादव की मौजूदगी में नगर पंचायत अध्यक्ष पद को श्रीमती रुखशाना बेगम, आशीष कुमार त्रिपाठी, राजेश श्रीवास्तव, हुबलाल निषाद व शारदा प्रसाद से चुनाव के आवेदन फार्म भरवाये।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि निकाय चुनाव में नगर पंचायत व नगर पालिका का चुनाव गम्भीरता से लडने वाले को ही आम आदमी पार्टी प्रत्याशी बनायेगी। महज चचाओं के लिए चुनाव लडने वाले को प्रत्याशी नहीं बनाया जायेगा। चुनाव को सम्भावित जीत के करीब प्रत्याशी को ही आम आदमी पार्टी टिकट देगी।

## खजुराहो फिल्म फेस्टिवल के यूपी बुंदेलखंड प्रभारी बने अजीत सिंह

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** खजुराहो में होने वाले 8वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह को बुंदेलखंड (यूपी) का प्रभारी बनाया गया है। उन्हें यूपी के सात जिलों से प्रतिभाओं को शामिल कराने की जिम्मेदारी दी गई है।

शुक्रवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला की अगुवाई में लगातार 8वें वर्ष खजुराहों मे इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल हो रहा है। इस वर्ष 5 से 11 दिसंबर तक खजुराहो की पाहिल वाटिका में आयोजन होगा। फेस्टिवल के लिए मुंबई की फिल्मी हस्तियों और नेताओं के आमंत्रण का दौर जारी है। फेस्टिवल के संयोजक राजा बुंदेला ने उन्हें आयोजन के लिये यूपी बुंदेलखंड का प्रभारी घोषित किया है। वह बुंदेलखंड के सात जिलों मे प्रतिभाओं से सम्पर्क करेंगे। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों मे काम कर रहे विशिष्ट व्यक्तियों से भी फेस्टिवल मे कला संस्कृति के अनूठे समागम का आनंद लेने को प्रेरित करेंगे। प्रतिवर्ष धर्मनगरी के संत-महन्त भी फेस्टिवल के उद्घाटन पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हैं। इस बार भी खजुराहो मे चित्रकूट की छाप नजर आएगी।

# एक दर्जन हमलावरों ने माता-पिता व बेटों को किया घायल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर कस्बे के बाल्मीकिनगर मोहल्ले में चाय की दुकान में पुरानी रंजिश के चलते एक दर्जन लोगों ने लाठी-डण्डों से माता-पिता समेत दो लडकों के साथ मारपीट कर गम्भीर चोटें पहुंचाई हैं। पुलिस ने सभी का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानिकपुर में इलाज कराया है।



मारपीट की ये घटना गुरुवार को देर शाम हुई। बताया गया कि लवकुश कुमार (40) पुत्र धनपत निवासी बाल्मीकिनगर गुरुवार की शाम बेटा हिमांशु (18) व छोटा पुत्र सचिन (15) के साथ मोहल्ले में खुली लल्लू यादव की चाय की दुकान पर चाय पी रहे थे। इतने में एक दर्जन से ऊपर लडके वहां पहुंचकर दोनों लडकों को लाठी-डंडों से मारने लगे। बेटों को मार खाते देखकर पिता व उसकी मां लक्ष्मी बीच-बचाव करने पहुंचे तो हमलावरों ने उन दोनों को भी पीटना शुरू कर दिया। इससे मां-पिता भी घायल हो गये।

गम्भीर स्थिति देख हमलावर वहां से भाग निकले। सभी घायल मानिकपुर थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इलाज को भेजा है। मानिकपुर थानाध्यक्ष गिरेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना की एनसीआर दर्ज कर ली गई है। दो हमलावरों को पकड लिया गया है। पूंछताछ बाद कार्यवाही की जायेगी।

# औचक निरीक्षण कर डीएम ने सचिव व विक्रेता को किया निलम्बित





**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला मुख्यालय से सटे बनकट गांव में धान क्राफ्ट कटिंग का जायजा लिया। खेत मालिक लवलेश की जमीन पर दस गुणे तीन त्रिभुजाकार 43.3 हेक्टेयर में क्राप कटिंग कराई। जिलाधिकारी ने सहकारी समितियों का औचक निरीक्षण कर सचिव फूलचन्द्र व विक्रेता मइयादीन को निलम्बित करने का आदेश दिया।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने बनकट गांव में धान की क्राफ्ट कटिंग में 17 किलो पांच सौ ग्राम धान निकला। मौके पर एसडीम सदर राजबहादुर, एआर कोआपरेटिव नरेन्द्र सिंह, लेखपाल महेन्द सिंह, प्रधान विद्यासागर यादव, सहायक सांख्यिकी अधिकारी संतोष कुमार आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने डीएपी खाद की शिकायतों के खिलाफ कृषक सेवा सहकारी समिति दक्षिणी व उत्तरी का औचक निरीक्षण कर स्टाक रजिस्टर देखे। रजिस्टर में हस्ताक्षर, अंगूठे का निशान लगा न होने पर कहा कि किस तरह से डीएपी देते हैं। एआर कोआपरेटिव से कहा कि यहां फजीर्वाडा है। रजिस्टर में इंट्री क्यों नहीं है। नौ तारीख को उर्वरक आती है तो 12 को इंट्री क्यों नहीं हुई। उन्होंने चालान भी देखे। अक्टूबर की भी इंट्री न होने व बिक्री मोबाइल नम्बर न चढा होने पर कहा कि चार लोगों का स्टाफ क्या करता है। बिना नम्बर लिये खाद बांटते हैं। जब तक किसान खतौनी नहीं देते, तब तक खाद न दी जाये। कटाई वालों को दुबारा क्यों खाद दी जाती है। एआर कोआपरेटिव को निर्देश दिये कि सचिव फूलचन्द्र व विक्रेता मइयादीन को निलम्बित करें। एआर कोआपरेटिव से कहा कि किसी को दस बोरी तो किसी को पांच बोरी खाद देने का क्या तुक है। सत्यापन में गलत मिलने पर कार्यवाही करें। सभी समितियों में सीसीटीवी कैमरा लगवाकर गोदामों में डीएपी की स्थिति जानी। डीएपी का समिति में क्या मानक है, वहां लिखवायें। उन्होंने एसडीएम राजबहादुर को निर्देश दिये कि लेखपालों से सत्यापन करायें। कृषक सेवा सहकारी समिति उत्तरी को देखें। धान क्रय केन्द्र के बोर्ड पर एसडीएम, डीपीआरओ, बीडीओ का नाम लिखा होना चाहिए। कृषक सेवा सहकारी समिति उत्तरी में वेट मशीन, स्टाक रजिस्टर भी देखें। पिछले साल कितनी डीएपी मिली थी, इस साल कितनी मिली है, उसका मिलान करें। इस मौके पर एसडीएम राजबहादुर, एआर कोआपरेटिव नरेन्द्र सिंह, कोआपरेटिव अध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी, सचिव फूलचन्द्र, विक्रेता मइयादीन मौजूद रहे।

## नहरों की सफाई के नाम पर हो रहा फजीर्वाड़ा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सिंचाई प्रखण्ड प्रथम में नहरों की शिल्ट सफाई के नाम पर बडा फजीर्वाडा सामने आ रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों ने टेंडर प्रक्रिया में घोर लापरवाही बरती है। चहेते ठेकेदारों के नाम पर मनमानी ढंग से काम दिया है।

शुक्रवार को सूत्रों ने बताया कि सिंचाई प्रखंड प्रथम के जिम्मेदार अधिकारियों ने शासन के निदेर्शों की अनदेखी करते हुए टेंडर प्रक्रिया पूरी की है। नाम मात्र के लिए टेंडर किये गये हैं। चहेते ठेकेदारों के नाम मनमानी ढंग से काम दिये हैं। सिंचाई प्रखंड के जिम्मेदार अधिकारियों ने फुल रेट में टेंडर प्रक्रिया पूरी कर राजस्व को क्षति पहुंचाई है। चिंतनीय बात ये है कि सरकार भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने को हर सम्भव प्रयास कर रही है। दूसरी ओर सिंचाई प्रखण्ड प्रथम के अधिकारीगण सरकारी निदेर्शों की अनदेखी कर टेंडर प्रक्रिया में भ्रष्टाचार किया है। देखना है कि जिला प्रशासन मामले को संज्ञान में लेकर शिल्ट सफाई कार्यों की जांच कराता है अथवा नहीं या ऐसे ही सरकारी धन का बंदरबांट होता रहेगा।

## नाबालिग बालिका ने फांसी लगाकर दी जान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 11वीं में पढने वाली छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लडकी के माता-पिता अपनी बडी बेटी से मिलने ससुराल गये थे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

गुरुवार को देर रात कामता स्थित गौरिहार मन्दिर के पास 17 वर्षीय नाबालिग बालिका के फांसी लगाने पर पिता अरुण तिवारी ने बताया कि फांसी लगाने का कारण ज्ञात नहीं हो सका है। घर में किसी प्रकार का विवाद नहीं हुआ। वह पत्नी को लेकर बडी बेटी से मिलने ससुराल गये थे। बालिका को फांसी के फंदे से उतारकर जानकीकुण्ड अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों के मृत घोषित करने पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

पडोसियों ने बताया कि लडकी के माता-पिता के जाने के बाद लडकी दुकान बन्दकर कमरे के अन्दर चली गई थी। कुछ देर बाद पडोसियों ने खिडकी से देखा तो वह फांसी पर लटक रही थी। पडोसियों ने माता-पिता को सूचना दी।

# यूपी 2023-24 में खेलो इंडिया गेम्स की मेजबानी करेगा

**लखनऊ । उत्तर** प्रदेश सरकार 2023-24 में राज्य के चार शहरों लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी और नोएडा में खेलो इंडिया नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी करेगी।

नुख्य सचिव, खेल, नवनीत सहगल के अनुसार देश की लगभग 150 यूनिवर्सिटीज से लगभग 4500 एथलीट 20 खेलों में सम्मान के लिए अपनी चुनौती पेश करेंगे। इन खेलों में रोइंग, बास्केटबॉल, जूडो, कबड्डी, कुश्ती, तैराकी, मुक्केबाजी आदि शामिल हैं।

ओडिशा और कर्नाटक के बाद उत्तर प्रदेश को पहली बार नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी करने का मौका मिला है।

खेलो इंडिया प्रतिनिधियों और उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकारियों के बीच बैठक के दौरान लिए गए फैसलों के अनुसार कबड्डी, जूडो तीरंदाजी और तलवारबाजी जैसे खेल नोएडा में आयोजित होंगे जबकि गोरखपुर को रोइंग के लिए चिन्हित किया गया है। कुश्ती, मलखम्ब और योग जैसे खेल वाराणसी में होंगे जबकि शेष खेलों का आयोजन लखनऊ में होगा।

सहगल ने कहा, "26 वर्ष से कम उम्र के एथलीट नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स में हिस्सा ले पाएंगे। महिला खेलों पर खास ध्यान रहेगा। इन खेलों में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को उच्च स्तर की सुविधाएं दी जाएंगी।"

सरकार ने 12 पूर्व खिलाड़ियों की नियुक्ति भी की है जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है।

कम से कम 38 ऐसे अंतर्राष्ट्रीय एथलीटों को 16 विभिन्न खेलों के लिए 44 आवासीय होस्टल्स के लिए कोच नियुक्त किया जाएगा।

KHELO INDIA

# इमरान के आन्दोलन व सेना प्रमुख की नियुक्ति पर नवाज से चर्चा को लंदन पहुंचे शहबाज

**लंदन।** पाकिस्तान के आंतरिक हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान आंदोलित हैं, वहीं नए सेना प्रमुख की नियुक्ति पर भी फैसला नहीं हो पा रहा है। अब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इन मसलों पर अपने भाई व पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से चर्चा के लिए लंदन पहुंचे हैं।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ नवंबर, 2019 में चिकित्सा संबंधी आपात स्थिति में लंदन पहुंचे थे और तभी से वहां रह रहे हैं। उन्हें एक संपत्ति घोटाले में दोषी ठहरा कर दस साल जेल की सजा सुनाई गई थी। कालांतर में पाकिस्तान की राजनीतिक परिस्थितियां बदलीं और नवाज के भाई शहबाज प्रधानमंत्री बन गए। इसके बाद से लगातार कहा जा रहा है कि शहबाज भले ही प्रधानमंत्री हैं, पर सरकार नवाज



ही चला रहे हैं। कुछ माह पूर्व शहबाज की लंदन यात्रा के बाद पाकिस्तान के वित्त मंत्री को बदलने का फैसला भी हुआ था। तब नवाज के समधी इशाक डार को देश का वित्त मंत्री बनाया गया था। अब एक बार फिर शहबाज की लंदन यात्रा को पाकिस्तान सरकार के संचालन में किसी बड़े फैसले से जोड़कर देखा जा रहा है। पाकिस्तान के अखबारों में छपी खबरों के अनुसार मिस्र में संयुक्त राष्ट्र जलवायु संरक्षण सम्मेलन से भाग लेकर शहबाज निजी विमान से लंदन पहुंचे और उन्होंने नवाज शरीफ से मुलाकात की। पाकिस्तान की सूचना और प्रसारण मंत्री मरियम औरंगजेब ने एक ट्वीटकर शहबाज शरीफ के निजी उड़ान से लंदन जाने की जानकारी भी दी। माना जा रहा है कि दोनों भाइयों ने इस महीने के अंत में पाकिस्तान में नए सेना प्रमुख की नियुक्ति पर चर्चा की है। पाकिस्तान के मौजूदा सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा 29 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे। यह पहली बार नहीं है जब शहबाज ने मार्गदर्शन लेने के लिए अपने बड़े भाई की ओर रुख किया है। इस साल अप्रैल में सत्ता में आने के बाद से वे तीसरी बार अपने भाई से मिलने लंदन गए हैं। माना जा रहा है कि नवाज व शहबाज के बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के आजादी मार्च को लेकर भी चर्चा होगी। इमरान खान पर जानलेवा हमले के बाद यह मार्च दोबारा शुरू करने का एलान किया जा चुका है। इस बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शहबाज की लंदन यात्रा पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अपने बड़े भाई के साथ अगले सेना प्रमुख की नियुक्ति पर चर्चा कर आधिकारिक गोपनीयता कानून का उल्लंघन कर रहे हैं। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री पद की शपथ का उल्लंघन भी करार दिया है।

# अमेरिकी मध्यावधि चुनावों में भारतीयों ने गाड़े झंडे, सांसद और गर्वनर पद पर भारतवंशियों की जीत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में हुए मध्यावधि चुनाव में जहां डेमोक्रेटिक व रिपब्लिकन के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली, वहीं भारतवंशियों ने अपनी धमक दर्ज कराते हुए बड़ी संख्या में जीत के साथ सांसद और गर्वनर के रूप में अपनी मजबूत स्थिति दर्ज कराई। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए निर्वाचित भारतीय मूल के नेताओं में राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, थानेदार और प्रमिला जयपाल, अमी बेरा शामिल हैं। इसके अलावा अरुणा मिलर और मौरा हीले बनीं गवर्नर बनीं। वहीं भारतीय मूल की नबीला सैयद इलिनॉयस महासभा के लिए निर्वाचित होने वाली सबसे कम उम्र की सदस्य बन गई हैं।

भारतीय-अमेरिकी उद्यमी से नेता बने एवं डेमोक्रेटिक पार्टी से संबंधित थानेदार रिपब्लिकन पार्टी उम्मीदवार मार्टेल बिविंग्स को मात देते हुए मिशिगन से कांग्रेस (संसद) का चुनाव जीतने वाले पहले भारतीय अमेरिकी बने। थानेदार (67 वर्ष) वर्तमान में मिशिगन हाउस में तीसरे जिले का प्रतिनिधित्व करते हैं।

इलिनॉइस के आठवें कांग्रेस जिले में 49 वर्षीय राजा कृष्णमूर्ति लगातार चौथे कार्यकाल के लिए फिर से निर्वाचित हुए। उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी उम्मीदवार क्रिस डार्गिस को हराया। सिलिकॉन वैली में, भारतीय-अमेरिकी रो खन्ना (46) ने कैलिफोर्निया के 17वें कांग्रेस जिले में रिपब्लिकन पार्टी उम्मीदवार रितेश टंडन को हराया। प्रतिनिधिसभा में एकमात्र भारतीय-अमेरिकी महिला सांसद, चेन्नई में जन्मी प्रमिला जयपाल ने वाशिंगटन प्रांत के 7वें कांग्रेस जिले में अपने प्रतिद्वंद्वी क्लिफ मून को हराया। डेमोक्रेट एमी बेरा ने एक बार फिर प्रतिनिधि सभा में जीत दर्ज की है। उन्होंने कैलिफोर्निया के डिस्ट्रिक्ट 6 के सैक्रामेंटो से चुनाव लड़ा था। खन्ना, कृष्णमूर्ति और जयपाल लगातार चौथे कार्यकाल के लिए चुने गए।

**अरुणा मिलर और मौरा हीले बनीं गवर्नर**

अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में 36 राज्यों के गवर्नर के पद के लिए भी चुनाव में भारतीय मूल की अरुणा मिलर मैरीलैंड की लेफ्टिनेंट गवर्नर बन गई हैं, वह इंडियन-अमेरिकन समुदाय की पहली महिला हैं जो अमेरिका में गवर्नर बनी हैं। दूसरी महिला मौरा हीले हैं जो मैसाचुसेट्स की गवर्नर चुनी गई हैं। मौरा हीले एक लेस्बियन हैं। वह अमेरिका की ऐसी पहली गवर्नर बनी हैं जो कि एक लेस्बियन हैं।

**23 साल की नबीला सैयद ने रचा इतिहास**

अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में 23 साल की नबीला सैयद ने जीत हासिल करके इतिहास रच दिया है। नबीला सैयद इलिनॉयस महासभा के लिए निर्वाचित होने वाली सबसे कम उम्र की सदस्य बन

**अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए निर्वाचित भारतीय मूल के नेताओं में राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, थानेदार और प्रमिला जयपाल, अमी बेरा शामिल हैं। इसके अलावा अरुणा मिलर और मौरा हीले बनीं गवर्नर बनीं।**

गई हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार भारतीय-अमेरिकी नबीला सैयद ने अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी क्रिस बोस को मात देते हुए जीत हासिल की है। इलिनॉयस स्टेट हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में 51 वें जिले के चुनाव में नबीला सैयद को 52.3 फीसदी वोट मिले है। चुनाव में जीत हासिल करने की जानकारी खुद नबीला सैयद ने ट्वीट कर दी है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, 'मेरा नाम नबीला सैयद है। मैं एक 23 साल की भारतीय-अमेरिकी मुस्लिम महिला हूं।

# खेरसान से रूसी सेनाओं के पीछे हटने के ऐलान के बाद यूक्रेनी सेना संभल कर बढ़ रही आगे

**कीव।** रूसी सेना के खेरसान से सेना वापसी के ऐलान के बाद यूक्रेन की सेना संभल कर आगे बढ़ रही है। इसके साथ ही यूक्रेन ने पलायन कर चुके अपने नागरिकों को लौटने में जल्दबाजी न करने की चेतावनी दी है। यूक्रेनी सेना को खेरसान शहर के आसपास बारूदी सुरंगों का जाल बिछा होने की आशंका है। वैसे सूचनाएं आ रही हैं कि खेरसान शहर में अभी भी हजारों रूसी सैनिक मौजूद हैं।

यूक्रेन के सेना प्रमुख वैलेरी जालुझनी ने कहा है कि अभी यह पुष्टि नहीं हुई है कि खेरसान से रूसी सैनिक निकल गए हैं। बावजूद इसके यूक्रेनी सेना बुधवार को सात किलोमीटर आगे बढ़ी है और उसने दर्जन भर गांवों व अन्य ठिकानों को आजाद कराया है। यूक्रेनी सेना प्रमुख ने कहा है कि उनके सैनिक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सतर्कता बरतते हुए आगे बढ़ रहे हैं, खेरसान में दाखिल होने के लिए जल्दबाजी नहीं की जाएगी। वैसे यूक्रेनी सेना अब खेरसान शहर से 55 किलोमीटर दूर है। वहां के एक गांव में यूक्रेनी सैनिकों के पहुंचने और वहां पर ग्रामीणों के साथ यूक्रेनी झंडा फहराने का वीडियो यूक्रेन के सरकारी टेलीविजन पर दिखाई दिया है।

## इंडोनेशिया में मिलेंगे बाइडन और जिनपिंग, अमेरिका और चीन संबंधों पर वार्ता संभव

**वाशिंगटन।** इंडोनिशया में 14 नवंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच मुलाकात होगी। दोनों देशों के राष्ट्रपति इंडोनिशिया में जी-20 की बैठक में भाग लेने के लिए पहुंच रहे हैं। हालांकि दोनों राष्ट्रपतियों के बीच यह बैठक जी-20 की बैठक से इतर होगी। यह जानकारी व्हाइट हाउस ने दी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव काराइन जीन-पियरे ने बताया कि राष्ट्रपति बाइडन 14 नवंबर को इंडोनेशिया के बाली में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। दोनों राष्ट्रपतियों की इस बैठक को काफी अहम माना जा रहा है। अमेरिकी हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी की ताइवान की यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव बढ़ गया था। बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति बाइडन अमेरिका और चीन के बीच संचार की लाइनों को बनाए रखने और संबंधों को मजबूत करने के प्रयासों पर चर्चा करेंगे। बैठक में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को प्रभावित करने वाली अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों पर मिलकर काम करने पर भी चर्चा होगी। काराइन जीन-पियरे ने कहा कि दोनों नेता कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। नैन्सी पेलोसी की यात्रा के बाद, बीजिंग ने वाशिंगटन के साथ अपने कई संबंधों को तोड़ दिया है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता के रूप में शी के ऐतिहासिक तीसरा कार्यकाल शुरू होने के बाद यह पहली ऐसी बैठक होगी। बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मुझे किसी भी तरह से नहीं लगता कि दोनों नेता बैठकर अपने सभी मतभेदों या समस्याओं को हल करने में सक्षम होंगे। लेकिन मुझे लगता है कि कुछ महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकते हैं।

## चीन से फिर खतरे की घंटी, लगातार बढ़ रहे कोरोना के मामले, बीजिंग में पार्क बंद

**बीजिंग।** चीन में कोविड-19 की नयी लहर के बीच राजधानी बीजिंग में सिटी पार्क को बंद कर दिया गया है और अन्य पाबंदियां लगा दी गई हैं। इसके अलावा, दक्षिणी शहर गुआंगझू एवं पश्चिमी मेगासिटी चोंगकिंग में 50 लाख से अधिक लोग शुक्रवार को लॉकडाउन में रहे।



देश में शुक्रवार को कोविड-19 के 10,729 मामले दर्ज किए गए। इनमें से लगभग सभी लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है, जबकि उनमें संक्रमण का कोई लक्षण नहीं है।

बीजिंग के 2.1 करोड़ लोगों की दैनिक जांच के साथ इस बड़े शहर में 118 और नए मामले दर्ज किए गए। शहर के कई स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई शुरू हो गई है, अस्पतालों ने सेवाओं को सीमित कर दिया है और कुछ दुकानें एवं रेस्टोरेंट बंद हैं तथा उनके कर्मचारी पृथक-वास में हैं। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में कुछ इलाकों में लोग प्रदर्शन करते और पुलिस एवं स्वास्थ्य कर्मियों से लड़ते दिख रहे हैं। चीन के नेताओं ने बृहस्पतिवार को देश के ''शून्य-कोविड-19'' नीति को लेकर लोगों की नाराजगी पर जवाब देने का वादा किया था। इस नीति के कारण लाखों लोगों को अपने-अपने घरों में बंद होना पड़ता है तथा इससे अर्थव्यवस्था पर भी गंभीर असर पड़ता है।

# तालिबानी फरमानः अफगानिस्तान में महिलाओं के पार्कों व मेलों में प्रवेश पर प्रतिबंध

**काबुल।** अफगानिस्तान में सत्ता संभाल रहे तालिबान के एक नए फरमान ने महिलाओं पर पाबंदियां बढ़ा दी हैं। अब महिलाओं के सार्वजनिक पार्कों और मेलों में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वे जिम भी नहीं जा सकेंगी।

पिछले साल अगस्त में अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद से महिलाओं पर लगातार पाबंदियां लगाई जा रही हैं। यहां छात्राओं को स्कूल जाने की अनुमति नहीं है, वहीं महिलाएं काम भी नहीं कर सकतीं। अब इसी सप्ताह महिलाओं पर एक और प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अंतर्गत महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर प्रवेश नहीं मिलेगा। वे सार्वजनिक पार्कों और मेलों में



प्रवेश नहीं कर सकेंगी। उनके जिम जाने पर भी रोक लगा दी गयी है। तालिबान शासन लगातार महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न की कार्रवाई कर रहा है। तालिबान के सत्ता संभालने के बाद से अफगानिस्तान सरकार ने छात्राओं को छठी कक्षा के बाद शिक्षा प्राप्त करने की अनुमति नहीं दी है। तालिबान ने सभी महिलाओं को सार्वजनिक रूप से अपना चेहरा ढक कर रखने का आदेश पहले ही दे रखा है।

महिलाओं को मनोरंजन गतिविधियों में भाग लेने और पुरुषों के साथ पार्कों में जाने की अनुमति भी सरकार ने नहीं दी है। एक महिला ने कहा कि अफगानिस्तान में न छात्राएं स्कूल जा सकती हैं, न महिलाएं काम पर जा सकती हैं। वे सार्वजनिक पार्कों में जा सकती थीं, अब वहां भी प्रवेश पूरी तरह बंद कर दिया गया है।

## अमेरिका की इस चाल से पुतिन को झटका, यूक्रेन को 40 करोड़ डॉलर की सैन्य सहायता देने का ऐलान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडन नीत सरकार यूक्रेन को सैन्य सहायता के रूप में और 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर भेज रही है। अमेरिका ने यह सहायता कांग्रेस (संसद) पर रिपब्लिकन का नियंत्रण होने पर रूस के खिलाफ युद्ध के लिए दी जाने वाली वित्तीय सहायता में कमी किए जाने की आशंका के बीच घोषित की है। गौरतलब है कि मंगलवार को हुए मध्यवधि चुनाव के बाद वोटों की गिनती अभी जारी है और रिपब्लिकन पार्टी धीरे-धीरे सदन में बहुमत की ओर बढ़ रही है। वहीं, सीनेट में किसका बहुमत होगा यह एरिजोना, नेवादा और जॉर्जिया के चुनाव परिणामों पर निर्भर करेगा। पेंटागन के अनुसार, इस सैन्य सहायता पैकेज में भारी मात्रा में हथियार और पहली बार चार अत्यंत सचल एवेंजर एयर डिफेंस सिस्टम भेजे जाएंगे। इस पैकेज में 'हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम% उर्फ एचआईएमएआरएस भी शामिल होगा। यूक्रेन रूस के खिलाफ युद्ध में इसका सफलतापूर्वक उपयोग कर रहा है। अधिकारी के अनुसार, पैकेज में जमीन से हवा में मार करने वाले एंटी-एयरक्राफ्ट प्रणाली हॉक के स्टिंगर मिसाइलें, 10,000 मोर्टार गोले, होवित्जर तोपों के हजारों गोले, 400 ग्रेनेड लांचर, 100 हम्वीज, सर्दियों के लिए सेना की वर्दी, बंदूकों और राइफलों के लिए दो करोड़ गोलियां शामिल होंगी।

# इंडोनेशिया के जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे व्लादिमिर पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन इंडोनेशिया के बाली में इसी माह प्रस्तावित जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। रूस की ओर से इस घोषणा के साथ जानकारी दी गयी है कि पुतिन के स्थान पर अब विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने इंडोनेशिया जाएंगे। इंडोनेशिया के बाली में आगामी 15 एवं 16 नवंबर को जी-20 देशों के नेताओं का शिखर सम्मेलन आयोजित होना है।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग यहां आने की पुष्टि कर चुके हैं। रूस भी जी-20 समूह का सदस्य है, इसलिए लगातार इस बात के कयास लगाए जा रहे थे कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने इंडोनेशिया जाएंगे कि नहीं। पिछले दिनों एक कार्यक्रम में पुतिन ने भी इन कयासों को यह कह कर हवा दे दी थी कि 15 घंटों की हवाई यात्रा कर वे बाली जाएं या न जाएं, इस बारे में अभी उन्होंने मन नहीं बनाया है। इसी कार्यक्रम में उन्होंने यह भी कहा था कि यदि वे इंडोनेशिया नहीं गए तो रूस का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने जाएगा। अब रूस की ओर से औपचारिक



रूप से यह जानकारी दी गयी है कि पुतिन इस शिखर सम्मेलन में भाग लेने नहीं जाएंगे। उनके स्थान पर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव इंडोनेशिया जाएंगे।

अब पुतिन के इंडोनेशिया न जाने संबंधी ऐलान के बाद अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक समीकरणों को लेकर चर्चाएं शुरू हो गयी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने पहले ही कह दिया था कि यदि पुतिन बाली पहुंचे, तो भी वे पुतिन से अलग से बातचीत नहीं करेंगे।

इसके विपरीत अमेरिका के साथ लगातार बढ़ते तनाव के बावजूद चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने संकेत दिया है कि बाली में उनकी बाइडन के साथ द्विपक्षीय वार्ता हो सकती है। जी-20 देशों के समूह में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं।

# मालदीव की राजधानी माले में भीषण आग, नौ भारतीयों सहित दस की मौत

**माले।** मालदीव की राजधानी माले की एक इमारत में भीषण आग लग गयी है। इस हादसे में नौ भारतीयों समेत दस लोगों की मौत हो गयी है। दसवां मृतक बांग्लादेशी बताया गया है। हादसे में कई लोग बुरी तरह जख्मी हुए हैं। जानकारी के मुताबिक मालदीव की राजधानी माले की एक बहुमंजिला इमारत के भूतल स्थित कार गैराज में सुबह भीषण आग लग गयी। आनन-फानन अग्निशमन विभाग ने फायर ब्रिगेड की गाड़ियां वहां भेजीं, किन्तु तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। आग बुझाने में चार घंटे से अधिक समय लग गया। आग के कारण मची अफरातफरी में भगदड़ का माहौल बन गया। अग्निकांड का शिकार हुई इमारत की ऊपरी मंजिल पर दस शव मिले हैं। ये लोग आग लगने के बाद इमारत से बाहर निकल ही नहीं पाए और जल कर उनकी मौत हो गयी। मृत मिले दस लोगों में से नौ भारतीय हैं। एक अन्य मृत व्यक्ति बांग्लादेश का नागरिक है। भारी संख्या में घायलों को अस्पताल ले जाया गया। इनमें से कई गंभीर हैं। इस कारण मृतकों की संख्या अभी बढ़ने की उम्मीद जताई गयी है।

घटना में अधिसंख्य भारतीयों के मारे जाने की जानकारी के बाद मालदीव स्थित भारतीय उच्चायोग



सक्रिय हो गया है। मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने माले में आग लगने की इस घटना पर शोक जताया है। उच्चायोग ने ट्वीट कर कहा है कि उसके अधिकारी इस घटना को लेकर मालदीव सरकार के संपर्क में बने हुए हैं। उच्चायोग ने किसी भी प्रकार की मदद के लिए दो फोन नंबर भी जारी किये हैं।

मालदीव सरकार के एक उच्च अधिकारी ने बताया कि पुलिस मृतकों की पहचान करने में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की मदद के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। मालदीव के नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी ने ट्ववीट कर बताया कि माले में लगी आग के प्रभावितों के लिए एक स्टेडियम में राहत एवं बचाव केंद्र बनाया गया है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## जेनेट येलेन ने कहा- अमेरिका के लिए भारत महत्वपूर्ण भागीदार

**नई दिल्ली।** अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी (वित्त मंत्री) जेनेट जेनेट एल येलेन ने कहा कि अमेरिका के लिए भारत महत्वपूर्ण भागीदार है। उन्होंने कहा कि साझा वैश्विक प्राथमिकताओं को हासिल करने को लेकर अमेरिका जी-20 में भारत की अध्यक्षता का समर्थन करने के लिए उत्सुक है। येलेन ने शुक्रवार को यहां भारत-अमेरिका आर्थिक वित्तीय साझेदारी (ईएफपी) की नौंवी बैठक के बाद आयोजित संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस के दौरान यह बात कही।

# अमेरिकी सैन्य अधिकारी का दावा, यूक्रेन से युद्ध में हताहत हुए एक लाख से ज्यादा रूसी सैनिक

**वाशिंगटन।** यूक्रेन पर रूसी हमले के साढ़े आठ महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी दोनों देशों के बीच तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इस युद्ध में यूक्रेन का नुकसान तो हो ही रहा है, रूस को भी इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। अमेरिका के एक शीर्ष सैन्य अधिकारी का दावा है कि यूक्रेन से युद्ध में एक लाख से अधिक रूसी सैनिक हताहत हुए हैं।

यूक्रेन पर रूसी सेनाओं ने इसी वर्ष 24 फरवरी को हमला किया था। बीते साढ़े आठ महीने से अधिक समय से चल रहे युद्ध के दौरान रूस ने यूक्रेन के कई



इलाकों पर कब्जा कर लिया है। यूक्रेन की सेना भी रूसी सेना को कड़ी टक्कर दे रही है। अब अमेरिकी सेना के शीर्ष अधिकारी जनरल मार्क मिले ने दावा किया है कि इस युद्ध में रूस के एक लाख से अधिक सैनिक या तो मारे गए हैं या जख्मी हुए हैं। उन्होंने आशंका जताई है कि यूक्रेन की सेना को भी इतना ही नुकसान हुआ होगा।

वैसे युद्ध में हताहतों के मामले में अमेरिकी सैन्य अधिकारी के इन आंकड़ों को पुष्ट नहीं माना जाता, किन्तु अब तक अमेरिकी आंकड़े ही सबसे सटीक व विश्वसनीय माने गए हैं। जनरल मिले ने यह भी दावा किया कि रूस या यूक्रेन यह युद्ध सैन्य तरीकों से नहीं जीत सकते। इस युद्ध को खत्म करने के लिए अन्य तरीके आजमाने की जरूरत है और उन तरीकों में बातचीत सर्वाधिक प्रभावी तरीका है।

अमेरिकी सैन्य अधिकारी की यह टिप्पणी उस समय आई है, जब रूस ने दक्षिणी यूक्रेन के खेरसान शहर से अपनी सेना हटाने का आदेश दिया है। खेरसान से रूसी सेना का पीछे हटना रूसी सैन्य अभियान के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। वैसे यूक्रेन के अधिकारियों ने खेरसान से रूसी सेना के हटाने के फैसले पर कहा है कि उन्हें ऐसी उम्मीद नहीं थी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूस के पीछे हटने को यूक्रेनी रणनीति की जीत करार दिया है।